तापमान

अधिकतम 31 डिग्री

न्यूनतम 23 डिग्री

हरिभूमि

# इस्पात भूमि

रायपुर, रविवार, 2 नवंबर, 2025




12 दुर्ग में राज्य स्थापना दिवस के लिए पुलिस बल और सहायता केन्द्र भी



13 छत्तीसगढ़ महतारी का वंदन कर रजत जयंती मनाई लोगों ने, हुए कई आयोजन






न्यु ओम ज्वेलर्स

हर 6000/- की खरीदी पर एक चांदी का सिक्का फ्री

शुद्ध सोने एवं चांदी के जेवरों के विक्रेता

टोटल हालमार्क ज्वेलरी उपलब्ध

जवाहर मार्केट, मेन सर्विस रोड, पावर हाऊस, भिलाई SUNDAY OPEN

शुभ खरीदी के लिए ओम ज्वेलर्स परिवार में आपका स्वागत है

मिनीमम एमाउंट में बुकिंग करें ▪ जितना सोना उतना चांदी फ्री

संबंधित प्रतिष्ठान : ओम ज्वेलर्स

शॉप नं. 64 बी इंदिरा मार्केट, दुर्ग | बाजार चौक, कुम्हारी | रिसाईपारा, धमतरी


## खबर संक्षेप

### म्यूल खाते से लेनदेन करने पर युवक गिरफ्तार




**भिलाई।** म्यूल खाते में लेनदेन करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि बैंक ऑफ महाराष्ट्र का खाताधारक आनंद विहार पोटिया चौक पदमनाभपुर निवासी आरोपी रोहित कुमार श्रीवास्तव द्वारा शाखा में खाता खुलवाकर ऑनलाइन ठगी की रकम 23310 रुपए बेईमानी व अवैध धन लाभ के लिए संपत्ति का संवर्धन कर खाते में लेनेदेन किया। जो साइबर ऑनलाइन ठगी की रकम है। आरोपी के बैंक डिटेल्स मिलने के बाद पुलिस ने कार्रवाई किया है।

### फैक्ट्री से 90 हजार का सामान हुआ पार

**भिलाई।** फैक्ट्री का ताला तोड़कर पुराने रिपेयरिंग का सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने अपराध कायम कर जांच में लिया है। जामुल पुलिस ने बताया कि रोहणी पुरम डगनिया रायपुर निवास नवनीत अग्रवाल का एएनएम स्टील इंडस्ट्रीज प्रायवेट लिमिटेड के नाम से फैक्ट्री है। जहां जीआईतार का निर्माण होता है। विगत दो माह से प्लांट बंद है रिपेयरिंग का कार्य चल रहा है। जिसकी देखरेख के लिये गार्ड भी यहां रखा गया है। 31 अक्टूबर की सुबह कर्मी अश्वनी डडसेना ने पीड़ित को कॉल कर स्टोर्स रूम का ताला टूटने की जानकारी दी। फैक्ट्री के बोरियो में रखे पुराने कापर वायर मोटर पंप रिपेयरिंग से निकालकर रखा गया था। जो गायब मिला, फैक्ट्री पहुंचने पर स्टोर्स की कुंडी टूटा पड़ा मिला। बोरियों में रखे गए सारे सामान नहीं मिले। उक्त सामान 500 किलोग्राम था। जिसकी कीमत 90 हजार रुपए आंकी गई है।

### ट्रांसफार्मर से आयल चोरी की घटनाएं बढ़ी



**ननकट्ठी।** ननकट्ठी वितरण केन्द्र के अंतर्गत आने वाले पंप लाइन के ट्रांसफार्मर से आयल चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है। दीपावली के पहले दिन ही भटगांव खार में 100 केवीए और 25 केवीए के ट्रांसफार्मर से आयल चोरी हो गई। लगातार हो रही चोरी से किसान परेशान है। किसानों ने आयल चोरों पर कार्रवाई की मांग की है।

सेल की रेल पर फिर लगा ब्रेक, सात हजार करोड़ जैसी बड़ी राशि का रिस्क नहीं उठाना चाहता सेल

# बीएसपी के मेगा प्रोजेक्ट "नई रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल" की राह में बजट का रोड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



भिलाई इस्पात संयंत्र के एक्सपांशन प्रोजेक्ट के तहत अत्याधुनिक नई रेल मिल के निर्माण में लेटलतीफी बीएसपी सहित सेल पर भारी पड़ सकती है। 6 हजार 9 सौ करोड़ की लागत से यहां लगने वाली मेगा रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल का निर्माण में फिर से एक बार रोड़ा आ गया है। बजट के चलते मिल का निर्माण अब तक शुरु नहीं हो पाया है। उल्लेखनीय है कि भिलाई इस्पात संयंत्र के विस्तारीकरण एवं आधुनिकीकरण परियोजना -2 के तहत यहां नई रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल का निर्माण होना है। मिल के निर्माण के लिए पांच महीने पूर्व अप्रेल 2025 में सेल बोर्ड दिल्ली से अनुमोदन मिल गया था। इसके बाद कोलकाता में सेल चेयरमेन अमरेंदु प्रकाश ने भी भिलाई में इस रेल मिल को स्थापित करने हरी झंडी मिलने व सेल के उत्पादन विस्तार के लक्ष्य में बड़ी मदद मिलने और जल्द निर्माण प्रक्रिया शुरु होने की आशा जताई थी। मिल के निर्माण के लिए यहां यूआरएम के बगल में सीएमओ वेयर हाउस के निकट स्थल चिन्हिंत किया गया है। इसके पूर्व इस रेल मिल के प्रोजेक्ट को बर्नपुर स्टील प्लांट शिफ्ट कर दिया था। इसकी वजह बर्नपुर से पोर्ट (बंदरगाह) आदि निकट होना बताई गई थी। इस रेल मिल को भिलाई में ही लगाने के सेल स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड) के निर्णय से शहर और प्रदेश के विकास में बड़ा कदम माना जा रहा है। लेकन एक बार फिर इस महत्वाकांक्षी परियोजना के शुरु होने में अवरोध लग गया है। यूनियन सूत्रों के मुताबिक रेल मिल का निर्माण शुरू करने के लिए सेल द्वारा अब तक करोड़ों की राशि नहीं जुटा पाना बताया जा रहा है। सेल की आर्थिक स्थिति मजबूत नहीं होने से मिल के निर्माण के लिए 7 हजार करोड़ से अधिक यानी इतनी बड़ी राशि निवेश करने तैयार नहीं है। क्योंकि बैंक के लोना का ब्याज ही करोड़ों चुकाना होगा। वर्ष 2017 में विलंब से पूर्ण पूर्व एक्सापांशन प्रोजेक्ट का बैंकिंग लोन अब तक अदा हीं हो पाया है। बताते हैं कि बजट की समस्या के चलते फिलहाल नई रेल मिल के निर्माण को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। जबकि प्रबंधन यह चाह रहा है कि ये जल्द शुरू हो।

### बढ़ेगी ट्रेन की स्पीड

बीएसपी में बनने वाली नई अत्याधुनिक रेल मिल में उत्पादित एचटी रेल से भारतीय रेलवे के साथ बीएसपी सेल का भी फायदा होगा। जानकार सूत्रों के मुताबिक आर- 350 एचटी रेल की क्षमता हर माएने में वर्तमान समय में आपूर्ति किए जा रहे आर 260 ई-1 रेल से बहुत ज्यादा है। आर 350 एचटी रेल पर ज्यादा वजन वाली (गुड्स) मालगाड़ी को चलाया जा सकेगा। इसे माल व हाई स्पीड ट्रेन की स्पीड भी बढ़ जाएगी। वर्तमान में माल गाड़ी 50 किमी प्रति घंटा और पैसेजर गाड़ी 120 किमी प्रति घंटा गतिस से चलती है। जबकि आर 350 एचवी रेल पर माल गाड़ी 100 व यात्री गाड़ी 160 किमी स्पीड से चलेगी। इससे रेलवे यात्रियों व रेल द्वारा सामान पहुंचान वाले लोगों तथा कंपनियों सहित बीएसपी व सेल का लाभ होगा।

### नई रेल मिल के लगने से अगल अलग तरही की पटरियों वाली रेलवे की सभी डिमांड होगी पूरी

भिलाई इस्पात संयंत्र में इस नई रेल मिल के पूर्व दो मिल पुरानी रेल मिल और एक्सपांशन प्रोजेक्ट टू के तहत स्थापित यूनिवर्सल रेल मिल (यूआरएम) भी हैं। इन दोनों मिलों में भारतीय रेलवे की मांग के अनुरूप विभिन्न वैरायटी और दुनिया की सबसे लंबी रेल पांतें तैयार होती हैं। नई रेल एंड स्ट्रक्चरल मिल के बन जाने से रेलवे की पसंदीदा पूरी डिमांड से पूर्ण हो जाएगी। नई मिल की क्षमता 12 लाख टन प्रति वर्ष रेल और स्ट्रक्चरल होगी। मिल 4 साल में बनकर तैयार होना है। नई रेल एंड स्ट्रक्चरल रेल मिल में रेलवे की मांग के मुताबिक आर- 350 एचटी रेल का उत्पादन होना है। इसका निर्माण पुरानी रेल में संभव नहीं था।

## सिलबट्टा मारकर साले ने की जीजा की हत्या, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई



अमरूद तोड़ने को लेकर हुए विवाद में साले ने अपने जीजा की सिलबट्टे से हमला कर हत्या कर दी। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। घटना 1 नवंबर की है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि बोरसी स्थित पंचशील सेक्टर, सड़क 18 दुर्ग निवासी गोविंदराज के घर पर आमरूद तोड़ने को लेकर जीजा राजकुमार शेट्टी और उसके साल गोविंदराम के बीच विवाद हो गया था। साले ने गुस्से में आकर जीजा के ऊपर पास पड़े सिलबट्टे से वार कर दिया। इससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद साला गोविंदराज ने खुद थाने पहुंचकर सरेंडर कर दिया। उसने पुलिस को बताया कि उसका और राजकुमार का जमीन बेचने और बंटवारे को लेकर पुराना विवाद था। शनिवार सुबह करीब 10 बजे राजकुमार वर्मा अपने साले गोविंदराज के घर अमरूद तोड़ने गया था। पत्नी ने राजकुमार को घर के बार रहने बोला था, लेकिन वो अंदर आ गया। जीजा को घर के अंदर देखकर गोविंदराज आक्रोशित हो गया और जीजा साले में जमकर विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों में हाथापाई होने लगी। इस दौरान राजकुमार के पास एक डंडा था। जिसे साला गोविंदराज ने छीनकर फेंक दिया। इसके बाद गोविंदराज अपने घर के भीतर जाकर सिलबट्टा लाया और राजकुमार के सिर पर जोरदार हमला कर दिया। जिससे राजकुमार की मौके पर ही मौत हो गई।

▪ पदमनाभपुर थाना क्षेत्र का है मामला, शनिवार सुबह की घटना

### बंटवारे की रकम को लेकर थी रंजिश

परिजनों के मुताबिक राजकुमार बोरिया गेट भिलाई के पास एक निजी अस्पताल में काम करता था। राजकुमार और गोविंदराज के बीच जमीन बेचने के बाद पैसों के बंटवारे को लेकर रंजिश थी। इसको लेकर उसने हताया कर दी। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी गोविंदराज ने पद्मनाभपुर थाना पहुंचकर आत्मसमर्पण किया। खबर लगते ही पदमनाभपुर थाना प्रभारी राजकुमार लहरे टीम के साथ पहुंचे। साथ में फॉरोसिक टीम भी गई। शव का पंचनामा कर उसे पीएम के लिए भेज दिया गया। गोविंदराज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।


## अवैध रूप से चाकू रखने वालों को पुलिस ने पकड़ा



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

अवैध रूप से हथियार रख कर सोशल मीडिया में वायरल करने वाले युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों द्वारा इंस्टाग्राम, फेसबुक पर हथियार के साथ फोटो अपलोड कर लोगों में खौफ पैदा करते थे। पिछले 4 दिनों के अंदर तकनीकी सेल ने लोगों के सोशल मिडिया, इंस्टाग्राम को खंगाला। जिसमें पतासाजी कर थाना प्रभारियों को कार्रवाई करने निर्देशित किया गया। मामले में दो युवकों पर आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई। वहीं थाना छावनी में 12 हथियार बरामद किए गए। नाबालिगों के पास से भी हथियार जब्त किया गया। पुलिस ने ऑन लाईन शॉपिंग प्लेटफार्म अमेजन, फिल्पकार्ट, मीसो से भी अनुरोध किया है कि हथियार जैसे चाकू, तलवार, कटटा, पिस्टल को डिलवरी से पूर्व अपने एक्स-रे मशीन से एक्स-रे करें और संदिग्ध लगने पर डिलवरी ना दे। इसके बारे में थाना परभारियों को सूचित करे। टीम द्वारा जेल से रिहा पूर्व आदतन चाकूबाज अपराधियों पर पैनी नजर रखी गई है।

## सुबह से तेज धूप खिली, शाम को अचानक झमाझम बारिश



हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

मानसून की बिदाई होने के बाद भी स्थानीय प्रभाव से अचानक कभी भी बारिश हो रही है। दो दिन से वैसे की बदली और बारिश की स्थिति बनी हुई है। शनिवार को सुबह मौसम खुला तो लोगों ने राहत की सांस ली। शाम को यह नजारा फिर बदल गया। अचानक आसमान पर काले बादल मंडराने लगे और सेक्टर एरिया में झमाझम बारिश हो गई। हालांकि यह बारिश महज 15 मिनट तक ही चली लेकिन वातावरण को फिर से ठंडा कर दिया। मौसम विभाग ने 2 नवंबर को भी ऐसी ही बारिश होने की संभावना बताई है।

### अचानक बारिश की बनेगी स्थिति

मौसम विभाग के मुताबिक चक्रवात का अवशेष एक चिन्हित निम्न दाब के क्षेत्र के रूप में उत्तर पश्चिम झारखंड और उसके आसपास स्थित है। इसके लगातार उत्तर उत्तर पूर्व दिशा में आगे बढ़ते हुए बिहार पार करने और कमजोर होकर निम्न दाब के क्षेत्र के रूप में परिवर्तित होने की संभावना है। जिसकी वजह से एक दो स्थानों पर गरज चमक के साथ वज्रपात होने की संभावना है। वर्षा का क्षेत्र मुख्यतः उत्तर छत्तीसगढ़ रहने की संभावना है।

### न्यूनतम तापमान में आएगी गिरावट

मौसम विभाग के मुताबिक 2 नवंबर के बाद न्यूनतम तापमान में थोड़ी गिरावट संभावित है।प्रदेश म 2 नवंबर को एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना है। प्रदेश में न्यूनतम और अधिकतम तापमान में कोई विशेष परिवर्तन होने की संभावना नहीं है किंतु 3 नवंबर से न्यूनतम तापमान में गिरावट का दौर प्रारंभ होने की संभावना है।

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में आए प्रधानमंत्री मोदी ने फोन पर पद्मविभूषण तीजन का पूछा हालचाल

# पीएम मोदी : स्वास्थ्य टीम आती है कि नहीं, तीजन की बहू रेणु : महीने भर से नहीं आई, तत्काल घर पहुंचे अधिकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

छत्तीसगढ़ राज्योत्सव में आए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंतर्राष्ट्रीय पंडवानी कलाकार पद्मविभूषण तीजन बाई का फोन पर स्वास्थ्य की जानकारी लेकर चौंका दिया। तीजन बाई की बहू रेणु के मोबाइल पर करीब 1.18 मिनट की बातचीत के दौरान पीएम मोदी ने पूछा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम नियमित जांच के लिए आती है कि नहीं। बहू रेणु ने पीएम को बताया कि एक महीने पहले हुई डॉक्टरों की हड़ताल के बाद नियमित जांच नहीं हो रही। उसके बाद तो प्रशासनिक महकमें में हड़कंप मच गई। रायपुर से जिला कलेक्टर को फोन आया और उसके बाद कलेकटर ,एडीएम और सीएमएचओ लाव-लश्कर के साथ पंडवानी गायिक तीजन के गांव गनियारी पहुंचे।



### सुबह 9.30 बजे पीएम मोदी का आया फोन

सुबह 9.30 बजे प्रधानमंत्री मोदी के पीए का फोन पद्मविभूषण तीजनबाई की बहू रेणु के मोबाइल फोन पर आया। पीए ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी जी आपसे बात करना चाहते हैं। उसके बाद फोन पर प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नमस्ते, मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बोल रहा हूं। तीजन जी की तबियत कैसी है। पीएम मोदी ने कहा कि मैं स्वयं आपके गांव गनियारी आना चाहता था। मैं छत्तीसगढ़ के राज्योत्सव में रायपुर आया हूं तो आपकी याद आई। लेकिन कार्यक्रम की व्यस्तता के कारण मैं मोबाइल पर ही कुशलक्षेम पूछ रहा हूं। तीजन जी का स्वास्थ्य कैसा है। ठीक से बात कर पाती है कि नहीं। पंडवानी और कलाकारों के बारे में पूछती है कि नहीं। उन्होने कहा कि यदि कुछ जरूरत पड़ेगी या कोई काम होगा तो निसंकोच हमें बताईए। तीजन बाई जी को मेरा प्रणाम कहना।

### सुबह 10.30 कलेक्टर व एसडीएम, सीएमएचओ पहुंचे

कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसडीएम और सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी सुबह 10.30 बजे गनियारी गांव तीजन बाई के घर पहुंचे। उनके स्वास्थ्य के बारे में हालचाल पूछा। डॉक्टरां ने उनके स्वास्थ्य की जांच की। ज्ञात हो कि 30 जून 2023 से पद्मविभूषण तीजनबाई की स्वास्थ्य खराब है। उनके पुत्र की मौत के बाद सदमा से पैरालिसीस अटैक आया था। तब से बिस्तर में ही पड़ी हुई है।

### पीएम से बहू रेणु ने बताई ये दिक्कत

पद्मविभूषण तीजन बाई की बहू रेणु ने कहा कि अभी अम्मा की स्वास्थ्य उतना अच्छा नहीं है। खाने-पीना कम हो गया है और खाने पीने में दिक्कत होती है। शरीर पहले से काफी कमजोर हो गया है। मोदी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की टीम देखने आती है कि नहीं। बहू रेणु ने कहा कि पहले रेगुलर स्वास्थ्य विभाग की टीम आती थी लेकिन अभी संविदा डॉक्टरों की हड़ताल हुई है तब से कोई टीम नहीं आ रही है।

### भूल गए पद्मविभूषण तीन को आमंत्रण देना

30 अक्टूबर को तीजन बाई के पीए मनहरण सार्वा ने संस्कृति मंत्रालय में संस्कृति मंत्री तरबेज को फोन किया। सार्वा ने कहा कि राज्योत्सव हो रहा है लेकिन तीजनबाई इतनी बड़ी कलाकार है लेकिन निमंत्रण नहीं मिला है। सबको बुला रहे हो और उन्हे नहीं। यदि तीजन बाई की तबियत खराब है तो उनकी जगह परिवार का प्रतिनिधि जा सकता है। इसी तिथि को संस्कृति मंत्री के पीए ने कहा 4 बजे फोन लगाना मैं पूछताछ कर बताउऊंगा। तरबेज जी ने कहा कि आमंत्रण और पास भेज रहे हैं। लेकिन न आमंत्रण आया न पास। राज्योत्सव में एक अक्टूबर को पंडवानी कलाकार भी रायपुर पहुंचे और उन्होने पद्मविभूषण तीजनबाई को आमंत्रण नहीं मिलने का मुद्दा भी उठाया था।

## अवैध शराब के साथ युवक पकड़ाया

**पाटन।** अवैध शराब बेचने वाले को आबकारी विभाग ने दबिश देकर पकड़ा है। प्रभारी अरविंद साहू ने बताया कि गश्त के दौरान वृत-दुर्ग आंतरिक दक्षिण में अवैध शराब के निर्माण, विक्रय, धारण की सूचना मिली थी। टीम तुरंत ग्राम सेलूद थाना उतई में आरोपी संतराम यादव के पास से 36 पाव मशाला मदिरा जप्त किया गया। आरोपी को जेल दाखिला कराया गया है। वृत्त प्रभारी साहू ने विवेचना में लिया है।



कार्रवाई में आरक्षक संतोष दुबे ,आरक्षक देव पटेल चालक धनराज मौजूद थे।


पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई

9300663610, 7489348301

**खबर संक्षेप**



### बैंक में सम्पन्न हुई ग्राहक सेवा समिति की बैठक

दुर्ग। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग में ग्राहक सेवा समिति की बैठक हुई। बैठक में समिति के सदस्य शिव चन्द्राकर, टीकाराम साहू, रमाकांत द्विवेदी, सरिता साहू, हृदेष शर्मा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, एएस खान प्र अतिरिक्त मुख्य लेखापाल उपस्थित रहें। बैठक में बैंक द्वारा अपने कार्यक्षेत्र जिला बालोद, बेमेतरा, दुर्ग के शाखाओं में ग्राहकों को दी जा रही विभिन्न सुविधाओं की समीक्षा की गई। जिसके अंतर्गत ग्राहकों के लिए शुद्ध पेयजल व्यवस्था, पर्याप्त बैठक व्यवस्था, वृद्ध अथवा विकलांग ग्राहकों के लिए व्हील चेयर, रेम्प सुविधा, पुरुष एवं महिला ग्राहकों के लिए पृथक-पृथक शौचालय सुविधाएं ग्राहकों की सुविधा हेतु नोट जमा एवं पासबुक प्रिंटर की सुविधा, शाखा कार्यालय में साफ-सफाई इत्यादि व्यवस्था का समीक्षा करते हुए आवश्यक सुझाव दिया गया। साथ ही शाखा कार्यालय में आवश्यकतानुसार पंखा, कूलर एवं पार्किंग की व्यवस्था का भी सुझाव दिया गया।

### पाली परिवार ने बुआ की आंखों का किया दान

दुर्ग। नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य वीरेंद्र पाली एवं कांग्रेस नेता राज कुमार पाली की बुआ दुर्ग दीपक नगर निवासी चन्द्रकला रघुवंशी के निधन के पश्चात पाली परिवार ने चन्द्रकला रघुवंशी के नेत्रदान कर समाज को मिसाल दी एवं दो लोगों को नेत्र ज्योति प्रदान करने में सहयोग किया। चन्द्रकला रघुवंशी कुछ समय से अस्वस्थ थी शंकराचार्य हॉस्पिटल में उनके निधन के पश्चात रोहित पाली, जितेंद्र पाली, राजकुमार पाली, भूपेंद्र पाली, विवेक पाली, योगेंद्र पाली, वीरेंद्र पाली की सहमति से नेत्रदान सम्पन्न हुए। नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य कुलवंत भाटिया, राज आढ़तिया, राजेश पारख, हरमन दुलई, प्रभु दयाल उजाला, शंकराचार्य हॉस्पिटल में उपस्थित रहे एवं नेत्रदान प्रक्रिया में सहयोग किया।

# बकाएदारों पर निगम की बड़ी कार्रवाई, नल कनेक्शन काटकर की वसूली

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर निगम दुर्ग ने जल कर एवं संपत्ति कर बकायादारों पर सख्त रुख अपनाते हुए शुक्रवार को नल काटने की कार्रवाई की गई। निगम के राजस्व विभाग की टीम ने शहर के विभिन्न वार्डों में अभियान चलाकर तीन बड़े बकायादारों के नल कनेक्शन काटे।

वार्ड क्रमांक 3 निवासी बेल्सी बाई / गुहा राम सोनी पर 39,473, वार्ड क्रमांक 2 निवासी सुलोचना बाई / मोहन लाल श्रीवास्तव पर 46,724,तथा वार्ड क्रमांक 45 निवासी जगदीश केवलतानी / चोइथ राम पर 54,015 रूपए की बकाया राशि होने के कारण यह कार्रवाई की गई।

इस दौरान सहायक राजस्व अधिकारी थानसिंह यादव, राजस्व उप निरीक्षक संजय मिश्रा, निशांत यादव, रामखिलावन शर्मा, सहायक राजस्व निरीक्षक महेंद्र धर्मकार, रुपेश नायक, सिद्धांत शर्मा और विवेक सालवनकर उपस्थित रहे।

## आयुक्त के निर्देश पर सख्त हुआ राजस्व विभाग, टैक्स न देने वालों पर अब होगी कार्रवाई

### बकाया चुकाएं, नहीं तो कार्रवाई तय : निगम

आयुक्त सुमित अग्रवाल ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि जिन उपभोक्ताओं ने लंबे समय से टैक्स जमा नहीं किया है, उनके विरुद्ध नल कनेक्शन काटने सहित वसूली की कठोर कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि नगर निगम की सेवाओं का लाभ उठाने के साथ कर न देना अनुचित है, इसलिए निगम प्रशासन सख्त कदम उठाने से नहीं हिचकेगा।



### नियमित चलाया जाएगा अभियान

राजस्व विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान नियमित रूप से चलाया जाएगा, ताकि शहर में राजस्व वसूली को गति मिल सके और बकायादारों में जवाबदेही की भावना उत्पन्न हो। निगम प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि समय पर कर का भुगतान करें और कार्रवाई से बचें।

## जिले में राज्योत्सव आज से : आने-जाने वालों के लिए की गई है व्यवस्था

# दुर्ग में राज्य स्थापना दिवस के लिए पुलिस बल और सहायता केन्द्र भी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

राज्य स्थापना दिवस राज्योत्सव के अवसर पर तीन दिवसीय 2 नवम्बर से राज्योत्सव का आयोजन दुर्ग जिले में किया जा रहा है। जिसकी तैयारियों का निरीक्षण कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसएसपी विजय अग्रवाल ने किया। आयोजन पुराना गंज मंडी, गंजपारा में है। जहाँ बड़े पैमाने पर नागरिकों, आमंत्रित अतिथियों, वीआईपी वीवीआईपी मौजूद होगें।

मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव होंगे। पार्किंग व्यवस्था, मंच निर्माण, साज-सज्जा, सांस्कृतिक कार्यक्रम, पेयजल, फूड स्टॉल व विभागों द्वारा लगने वाले विकास कार्यो के 26 स्टॉल लगाए जाएगें। राज्योत्सव के सुचारू आयोजन एवं आगंतुकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए दुर्ग ट्रैफिक पुलिस ट्रैफिक प्लान तैयार किया गया है। कार्यक्रम स्थल के मुख्य द्वार के समक्ष दो प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। जहाँ से आम आमंत्रित एवं दर्शक प्रवेश करेंगे। वीवीआईपी प्रवेश द्वार कार्यक्रम स्थल के पीछे की ओर बनाया गया है। जिससे उच्च श्रेणी के आगंतुकों के आगमन व प्रस्थान में कोई बाधा न हो। वीवीआईपी एवं वीआईपी पार्किंग स्थल-कार्यक्रम स्थल के पीछे की ओर निर्धारित किया गया है। पुलिस लाइन, दुर्ग जे.आर.डी. स्कूल, दुर्ग में की गई है।

जहाँ पर्याप्त पार्किंग स्पेस एवं पुलिस बल तैनात है। पार्किंग स्थल से कार्यक्रम स्थल तक पहुंचने के लिए निदेशात्मक और मार्ग संकेतक लगाए गए हैं। इस दौरान डीएसपी ए किरो समेत जिला प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे।

## ट्रैफिक और पार्किंग भी बनाया गया





### ट्रैफिक प्रतिबंध और डायवर्जन भी

राज्योत्सव के 1 नवम्बर शानिवार की सुबह 8 बजे से कार्यक्रम समाप्ति तक दुर्ग शहर में भारी वाहनों का प्रवेश पूर्णतः प्रतिबंधित किया गया। शहर में आने वाले भारी वाहनों को डायवर्ट किया गया। पुलगांव चौक से आने वाले वाहनों को बायपास मार्ग की ओर डायवर्ट था। धमधा नाका से प्रवेश करने वाले वाहनों को नेहरू नगर मार्ग की ओर भेजा गया। गुरुद्वारा तिराहा एवं नेहरू नगर क्षेत्र से आने वाले भारी वाहनों को भी वैकल्पिक मार्गों पर मोड़ा गया। कार्यक्रम स्थल के आसपास के मार्गों पर नो व्हीकल ज़ोन घोषित किया गया है। जहाँ केवल अधिकृत वाहनों एवं आपातकालीन सेवाओं को ही प्रवेश की अनुमति है।

### बल और नियंत्रण व्यवस्था

कार्यक्रम स्थल समेत आसपास के सभी प्रमुख मार्गों पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। हर सेक्टर में ड्यूटी प्रभारी अधिकारी नियुक्त किया गया है। महिला अधिकारी एवं ट्रैफिक आरक्षक भीड़ नियंत्रण, पार्किंग प्रबंधन और पैदल मार्ग संचालन की जिम्मेदारी निभाएंगे। पुलिस सहायता केंद्र का निर्माण कार्यक्रम स्थल के समीप किया गया है। जहाँ से नागरिकों को तुरंत सहायता एवं मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जाएगा। संदिग्ध गतिविधियों पर निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरों की व्यवस्था व फील्ड पेट्रोलिंग टीमे सक्रिय है।

### तीन दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी

अलग-अलग विभागों के स्टाल लगाए जा रहें है। विभागीय प्रदर्शनी रहेगी विकास की गाथा की झलक दिखेगी। लाइव पंजीयन भी होगा जो हितग्राहियों इसका लाभ नहीं उठा पाया है। उनका मौके पर पंजीयन करा सकते है। तीन दिनों तक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। 2 से 4 नवम्बर तक आयोजन होगा।

**-अभिजीत सिंह,** कलेक्टर

# विभागाध्यक्ष को सेवानिवृत्ति पर दी गई भावभीनी बिदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर स्नातकोत्तर स्वशासी महाविद्यालय दुर्ग मानव शास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. संध्या अग्रवाल लगभग 40 वर्षों से अधिक की शासकीय सेवा के पश्चात सेवा निवृत्त हुई। उनके बिदाई के अवसर पर स्वामी विवेकानंद सभागार में आयोजित बिदाई समारोह में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं अतिथि प्राध्यापकों ने बड़ी संख्या में हिस्सा लिया। महाविद्यालय स्टॉफ क्लब की डॉ. ज्योति धारकर ने बताया कि डॉ. संध्या अग्रवाल ने अपनी शैक्षणिक सेवा 1982 में दंतेश्वरी कन्या महाविद्यालय, जगदलपुर से आरंभ की थी। साईंस कालेज, दुर्ग में 1987 में उनकी पदस्थापना हुई। बिदाई समारोह का आरंभ डॉ. संध्या अग्रवाल को श्रीफल, शॉल, मिठाई एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर किया गया।

## जिला न्यायालय में प्लास्टिक मुक्त न्यायालय परिसर अभियान का शुभारंभ

दुर्ग। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय बिलासपुर के मुख्य न्यायाधिपति रमेश सिन्हा द्वारा राज्य भर में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता और न्यायिक प्रशासन के उन्नयन के लिए किए जा रहे अनुकरणीय एवं दूरगामी प्रयासों से प्रेरित होकर जिला न्यायालय दुर्ग के कर्मचारियों ने एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक पहल की शुरुआत की है। कर्मचारियों ने स्वप्रेरणा और सामूहिक जिम्मेदारी की भावना से प्लास्टिक मुक्त न्यायालय परिसर अभियान का शुभारंभ किया।

यह अभियान न केवल परिसर की स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए है, बल्कि यह जिला न्यायालय दुर्ग की पर्यावरण के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी को भी दर्शाता है। इसका मुख्य उद्देश्य प्लास्टिक के हानिकारक उपयोग को समाप्त करना और न्यायालय परिसर को एक स्वच्छ, हरित एवं स्वस्थ कार्यस्थल बनाना है। अभियान के दौरान न्यायालय परिसर में सभी अधिवक्ताओं, पक्षकारों और कैंटीन संचालकों को प्लास्टिक के एक बार उपयोग सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले गंभीर पर्यावरणीय खतरों के बारे में विस्तार से समझाया गया। सभी हितधारकों से प्लास्टिक के थैलोंए कपोंए पानी की बोतलों और पैकिंग सामग्री का उपयोग तत्काल बंद करने की भावनात्मक अपील की गई। उन्हें कपड़े के थैलों, स्टील या कांच के बर्तनों और अन्य पर्यावरण अनुकूल विकल्पों को अपनाने के लिए प्रोत्साहित किया गया।

# मोदी की गारंटी लागू करने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय आव्हान पर जिला दुर्ग के कर्मचारी संगठन अपनी विभिन्न मांगों को लेकर मोदी की गारंटी लागू करने मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

प्रदेश के अधिकारी व कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केन्द्रीय कर्मचारियों की भांति देय तिथि से महंगाई भत्ता व महंगाई राहत प्राप्त नहीं हो रहा है जबकि महंगाई दर लगातार बढ़ रही है ऐसी स्थिति में कर्मचारियों को आर्थिक नुकसान हो रहा है। वर्तमान भाजपा सरकार ने सत्ता में आने से पूर्व कर्मचारियों के मंच से तथा अपने घोषणापत्र में मोदी की गारंटी मतलब गारंटी पूरा होने की गारंटी के नाम से प्रदेश के कर्मचारियों को केन्द्र की तिथि से महंगाई भत्ता पूर्व की एरियर्स राशि सहित देने का वादा किया था। सरकार का लगभग दो वर्ष का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है किन्तु महंगाई भत्ता के लिए की गई घोषणा, चार स्तरीय समयमान वेतनमान लागू करने क्रियान्वयन तथा सातवें वेतनमान के अनुसार गृहभाड़ा भत्ता सहित अन्य भत्तों के पुनरीक्षण पर अमल नहीं किया जा रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य बनने पर प्रदेश के कर्मचारियों को उम्मीद थी कि मध्यप्रदेश से बेहतर आर्थिक स्थिति होगी लेकिन 25 साल बाद भी कर्मचारियों की आर्थिक समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ है।ज्ञापन सौंपने वालों में प्रदीप सिंह चौहान प्रांतीय उपाध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ, मनीष तिवारी, भानुप्रताप यादव , शिव दयाल घृतलहरे, गौरीशंकर रावना, नवीन गुप्ता, आदि शामिल थे।

# अग्निवीर : शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण, 31 दिसम्बर तक



दुर्ग। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग द्वारा भारतीय थल सेना में अग्निवीर भर्ती 2025-26 के लिए ऑनलाईन लिखित परीक्षा सीईई उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए रविशंकर स्टेडियम दुर्ग में शारीरिक दक्षता प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जानकारी के अनुसार यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 31 दिसम्बरतक संचालित रहेगा। उक्त कार्यक्रम में कुल 39 अभ्यर्थियों को विनोद नायर एनआईएस कोच, बालक दास डहरे पीटीआई सेजेस फरीदानगर दुर्ग, उमेश निर्मलकर पीटीआई सेजेस सेक्ट 6 एवं फणीश्वर साहू पीटीआई सीजी पुलिस द्वारा प्रशिक्षित किया गया। इस कार्यक्रम में व्हीके केडिया, उपसंचालक रोजगार ईश्वर प्रसाद साहू, शिवदयाल घृतलहरे, दुलेश्वर साहू एवं हलघर नेताम उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर महापौर व आयुक्त ने दिलाई एकता की शपथ

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



नगर पालिक निगम दुर्ग परिसर में राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर नगर निगम हापौर अलका बाघमार एवं आयुक्त सुमित अग्रवाल ने उपस्थित सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता, अखंडता और सुरक्षा बनाए रखने की शपथ दिलाई।

महापौर अलका बाघमार ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद देश को एक सूत्र में पिरोने का कार्य यदि किसी ने किया तो वह थे सरदार वल्लभभाई पटेल। उनकी दूरदर्शिता, अदम्य साहस और राष्ट्रनिष्ठा ने भारत को सैकड़ों रियासतों से एक अखंड राष्ट्र बनाया। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि सरदार पटेल का जीवन प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा स्रोत है। उन्होंने अपने कर्मों से यह सिद्ध किया कि एकता ही राष्ट्र की सबसे बड़ी शक्ति है। शपथ में उपस्थित अधिकारी-कर्मचारियों ने प्रतिज्ञा दोहराई कि हम भारत की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए समर्पित भाव से कार्य करेंगे और देश की एकता की भावना को हर स्तर पर सशक्त बनाने निरंतर प्रयत्नशील रहेंगे। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य लीना दिनेश देवांगन, कार्यपालन अभियंता गिरीश दीवान, आरके जैन, सहायक अभियंता प्रकाश चंद थावानी, संजय ठाकुर, हरिशंकर साहू, दुर्गेश गुप्ता, आरके बोरकर सहित निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## नागरिकों को आत्मनिर्भर भारत की शपथ दिलाई गई

# सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर यूनिटी यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देशानुसार प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले में खेल एवं युवा कल्याण विभाग दुर्ग द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर यूनिटी मार्च (पद यात्रा) आयोजित की गई। यूनिटी मार्च कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। साथ ही नगर पालिक निगम दुर्ग महापौर अलका बाघमार तथा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, नगर पालिक निगम दुर्ग आयुक्त सुमित अग्रवाल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दुर्ग सुखनंदन राठौर भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

- **सांसद ने यूनिटी मार्च को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**



कार्यक्रम का शुभारंभ सांसद विजय बघेल एवं महापौर अलका बाघमार एवं अन्य अतिथि द्वारा सरदार वल्लभ भाई पटेल की छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। समस्त उपस्थित अतिथियों व नागरिकों को की आत्मनिर्भर भारत की शपथ दिलाई गई। तत्पश्चात यूनिटी मार्च को हरी झंडी दिखाकर सरदार वल्लभ भाई पटेल चौक से रवाना किया गया। यूनिटी मार्च प्रारंभ स्थल से गांधी चौक से उतई ऑटो स्टैण्ड, गौरव पथ सुराना कॉलेज, शीतला मार्केट होते हुए जेल तिराहा से विवेकानंद सभागार में पहुंच कर समाप्त हुई। जहां अतिथियों का उद्बोधन कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिला पंचायत दुर्ग उपाध्यक्ष पवन शर्मा, जनपद पंचायत पाटन अध्यक्ष कृतिका, जनपद पंचायत दुर्ग अध्यक्ष कुलेश्वरी सुखदेव देवारापन, जनपद पंचायत धमधा अध्यक्ष नेमन साहू, जिला पंचायत दुर्ग पूर्व अध्यक्ष माया बेलचंदन, पूर्व महापौर चंद्रिका चंद्राकर, जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द मिश्रा, आरआई पुलिस लाईन दुर्ग नीलकंठ वर्मा, थाना प्रभारी पद्मनाभपुर राजकुमार लहरे उपस्थित थे।

### पद यात्रा में ये रहे शामिल

जिले के स्कूल छात्राओं, व्यायाम निर्देशकों, एनसीसी, स्काउट गाईड, रेडक्रास, प्रशिक्षकों, खेल संघ के पदाधिकारी, राष्ट्रीय, राज्य स्तर के खिलाड़ियों, कार्यकर्तागणों एवं नागरिकों ने भाग लिया। उपर्युक्त आयोजन में यातायात पुलिस द्वारा सुचारु यातायात व्यवस्था एवं नगर पालिक निगम दुर्ग द्वारा पेयजल व्यवस्था की गई। स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सक एवं एम्बुलेस व्यवस्था की सेवाएं उपलब्ध कराई गई। कार्यक्रम में तनवीर अकोल, भूपेन्द्र कुमार हिरवानी, भरत ताम्रकार ईश्वरी देशमुख, सुजित यादव महेश यादव का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम का संचालन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के सहायक संचालक विलियम लकड़ा तथा खिलेन्द्र कुमार साहू, प्रदीप मुवाल एवं ममता ध्रुव द्वारा किया गया।

# विद्युत कर्मियों ने ली राष्ट्रीय एकता दिवस की शपथ



दुर्ग। छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्यालय परिसर में लौह पुरूष सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती राष्ट्रीय एकता दिवस के अवसर पर शपथ ली गई। इस अवसर पर दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंतासंजय खंडेलवाल द्वारा विद्युत कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ दिलाई गई। पॉवर कंपनी के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा को बनाए रखने के लिए स्वयं को समर्पित कर देशवासियों के बीच यह संदेश फैलाने एवं अपने देश की एकता की भावना लेकर सरदार वल्लभभाई पटेल की दूरदर्शिता एवं कार्यों को आत्मसात कर अपने देश की आंतरिक सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपना योगदान देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर उपमहाप्रबंधक वित्त एवं लेखा, वाय कोसरिया, अनसुईया ठाकुर एवं दुर्गेश नंदिनी देवांगन, डीके डुम्भरे एवं संतोष साहू सहित मुख्यालय परिसर स्थित समस्त कार्यालयों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित हुए।

### विभिन्न स्पर्धाओं का किया आयोजन

दुर्ग। सरदार वल्लभ भाई पटेल की जंयती राष्ट्रीय एकता दिवस पर चीचा के शा पूर्व माध्य शाला में चित्रकला प्रतियोगिता, लौहपुरुष पर बच्चों ने अपने विचार रखे। साथ ही ऊर्जा संरक्षण पर भी चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें 6वीं, 7वी स्तर से प्रथम स्थान आस्था कुर्रे, द्वितीय स्थान जिगर वर्म,ा आठवीं स्तर से प्रथम योगिता वर्मा, द्वितीय चंदन विश्वकर्मा रहे। निर्णायक बन्दे मैडम, जंघेल मैडम, देशमुख मैडम रहे। शपथग्रहण श्री बघेल द्वारा दिलाया गया। साथ में श्री हुमने, श्री सार्वे, श्री देशमुख उपस्थित रहे।

**खबर संक्षेप**



## प्री वैडिंग शूट पर रोक लगाई कुर्मी समाज ने

पाटन। मनवा कुर्मी समाज पाटन राज के निर्देशन मे ग्राम इकाई गभरा की बैठक सामुदायिक भवन में हुई। जिसमे समाजिक संगठन की मजबूती और समाजिक गतिविधियों के सफल संचालन के लिए नये पदाधिकारियों का चयन सर्वसम्मति से किया गया।
इस दौरान ग्राम प्रमुख धुवनारायण वर्मा, कोषाध्यक्ष संतराम वर्मा और सचिव प्रहलाद वर्मा को जिम्मेदारी सौपी गई।पाटन राज प्रधान युगल आडिल ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को बधाई के साथ केंद्र द्वारा पारित प्रस्ताव की जानकारी देते हुए बताया की प्री वैडिंग शूट पर रोक लगाने के अलावा अनिवार्य सदस्ता शुल्क मे बदलाव हुआ है। वहीं राज प्रधान और केंद्रीय अध्यक्ष का चुनाव एक साथ कराए जाने का प्रस्ताव पारित हुआ है। इस वर्ष राज अधिवशन पाटन राज का 8 फरवरी को निर्धारित है। बैठक मे राज मंत्री केदार कश्यप, अमित वर्मा, टोकनाथ वर्मा, पूर्व ग्राम प्रमुख मेहतर वर्मा, पवन वर्मा, धर्मपाल वर्मा, मनोहर वर्मा, विजय वर्मा, देवेंद्र वर्मा आदि उपस्थित थे।

### ग्रामीण अंचल में राज्य स्थापना दिवस पर हुए कार्यक्रम

# छत्तीसगढ़ महतारी का वंदन कर रजत जयंती मनाई लोगों ने, हुए कई आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस के अवसर पर पूरे प्रदेश भर में स्थापना दिवस मनाया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में ग्राम पंचायत सेलुद में भी छत्तीसगढ़ महतारी के तैलचित्र का पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम के सरपंच खिलेश मारकंडे ने ग्रामवासी को स्थापना दिवस का बधाई हुए कहा कि हमारे प्रदेश के पूर्वजो के मांग के चलते छत्तीसगढ़ को एक अलग राज्य का दर्जा मिला।

राज्य का नाम 'छत्तीसगढ़' 36 किलों के रूप में जाने जाने वाले किलों से पहचान बनी है, जो इस क्षेत्र के ऐतिहासिक महत्व को दर्शाता है। हमारे राज्य की संस्कृति, भाषा, और रिवाज यहां के लोगों की पहचान हैं। हम सब मिलकर इस धरोहर को संजोए रखने का प्रयास करते रहेंगे।छत्तीसगढ़ का इतिहास बहुत ही समृद्ध और विविध है। यह क्षेत्र आदिवासी संस्कृति और परंपराओं का गढ़ है। यहां की प्राकृतिक सुंदरता, जैसे कि पहाड़, वन, और

**सेलूद पंचायत ने मनाया छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस**



जलप्रपात, इसे और भी खास बनाते हैं। इस अवसर पर प्रमुख रूप से सरपंच खिलेश मारकंडे, ग्राम प्रमुख सुरेंद्र बंछोर,उपसरपंच राकेश साहू, पंच धनंजय साहू,योगेश साहू, स्थानीय छत्तीसगढ़िया क्रांति सेना प्रमुख रूपेश साहू, पंच नीतू बंछोर,देवला साहू, भुनेश्वरी साहू हेमीन ओगरे नारायण दास श्रीधर साहू विकाश बारले हेमा देवांगन साथ ही ग्रामीणजन उपस्थित थे।

**नगर कांग्रेस कमेटी ने मनाया राज्योत्सव**

उतई। छत्तीसगढ़ राज्य रजत जयंती पर जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग (ग्रामीण) अंतर्गत दुर्ग ब्लॉक के नगर पंचायत उतईवार्ड क्रमांक 09 में छत्तीसगढ़ महतारी की मूर्ति के समक्ष राज्य गीत के साथ सामूहिक रूप से पूजा अर्चना कर राज्य स्थापना दिवस मनाया गया। तत्पश्यात स्वक्षता का विशेष ध्यान देते हुवे चौक चौराहा में साफ सफाई कर कार्यक्रम को अंतिम रूप प्रदान किया गया। इस दौरान पिछले दिनों रायपुर में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा को खंडित किए जाने की घटना की सभी ने समवेत स्वर में निंदा की। इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष राकेश ठाकुर, पूर्व जनपद अध्यक्ष देवेंद्र देशमुख, ब्लॉक अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, पूर्व अध्यक्ष नंद कुमार सेन, पूर्व जनपद सदस्य रूपेश देशमुख, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष डिकेंद्र हिरवानी, नगर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष बहादुर सिंह नेताम, नेता प्रतिपक्ष द्वारिका साहू पार्षद श्रीमती रामशिला नेताम, राकेश साहू, पूर्व पार्षद प्रहलाद वर्मा,वीरेंद्र गोस्वामी, तोषण साहू, सुरता सिंह गढ़े, वरिष्ठ कांग्रेस पार्टी के साथी दिवाकर गायकवाड, भावेश साहू, धनंजय नेताम, टीकम डोडे, मुकेश साहू, शुभम बमभोले, योगेश मंडले, अरुण वर्मा, गजेंद्र वर्मा, प्रेम नारायण साहू, सत्य प्रकाश कौशिक, महेश कौशिक, पुरेंद्र चंद्राकर, संतोष बमभोले आदि उपस्थित थे।



## बाबा घासीदास का अपमान अस्वीकार्य : केशव महिपाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

रायगढ़ के सिग्नल चौक पर सतनामी समाज के आराध्य गुरू घासीदास के लिए अनर्गल व अपशब्द कहने के विरोध में सतनामी समाज ग्राम डुंडेरा के पदाधिकारियों ने थाना उतई पहुँच पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौपकर आरोपी के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग की। इस अवसर पर ग्राम डुंडेरा सतनामी समाज के अध्यक्ष केशव महिपाल ने कहा कि विजय राजपूत नाम के व्यक्ति द्वारा गुरु घासीदास बाबा और छत्तीसगढ़ के संत परंपरा के प्रति अपमानजनक शब्द बोले गए यह न केवल एक व्यक्ति की गिरती सोच का परिचायक है, बल्कि हमारे पुरखों, संतों और इस पावन माटी की अस्मिता पर हमला है। इस संबंध में छत्तीसगढ़, दुर्ग जिला क्षेत्र डुंडेरा, सतनामी समाज ग्राम डुंडेरा समाज के पदाधिकारीयों ने थाना उतई में लिखित शिकायत की। जिसमें थाना प्रभारी एवं पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौप, प्रशासन एवं शासन से विजय राजपूत पर सख्त कार्यवाही की मांग की गयी। इस दौरान सतनामी समाज अध्यक्ष केशव महिपाल, महिला अध्यक्ष शिव कुमारी जोशी, कोषाध्यक्ष सुश्री पुष्पा देशलहरे, सुखबती टंडन, उपाध्यक्ष कलीराम बंजारे,संरक्षक बी. आर.मौर्य, हिंछाराम महिपाल, दाऊलाल मांडले, गेंदलाल टंडन, सह सचिव देवेंद्र महिपाल एवं सक्रिय सामाजिक कार्यकर्ता योगेश महिपाल उपस्थित थे।

■ सतनामी समाज ग्राम डुंडेरा के पदाधिकारियों ने उतई थाना पहुंचकर पुलिस अधीक्षक के नाम ज्ञापन सौंपा

## गांव-गांव में की गई नेत्र रोगियों की पहचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

पाटन विकासखंड में संपूर्ण नेत्र सुरक्षा अभियान 24 से 30 अक्टूबर तक चलाया गया। जिसमें पाटन ब्लॉक के अंतर्गत आने वाले समस्त गांव में नेत्र रोगियो की पहचान कर आवश्यक जांच एवं उपचार कार्य किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दुर्ग डॉ मनोज दानी ,नोडल ऑफिसर अंधत्व दुर्ग डॉ संगीता भाटिया के निर्देशानुसार तथा खण्ड चिकित्सा अधिकारी पाटन डॉ भुवनेश्वर कठौतिया के मार्गदर्शन में यह आयोजन हुआ। इसी के तहत ग्राम फेकारी परसाही धौराभाठा में नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया जिसमें नेत्र सहायक अधिकारी सरिता किस्पोट्टा एवं योगैया बंडी ने 130 मरीजो की जांच की जिसमें 12 मरीज मोतियाबिंद के चिन्हांकित किए गए। 45 मरीज रिफ्रेक्टिव एरर के तथा 15 मरीज अन्य सामान्य नेत्र रोग के पाए गया। जिन्हें उचित जांच उपचार एवं परामर्श दिया गया। इस अवसर पर ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजक बसंत कुमार साहू एवं नेत्र सहायक अधिकारी योगैया बंडी ने जानकारी देते हुए बताया कि संपूर्ण नेत्र सुरक्षा अभियान पूरे छत्तीसगढ़ में प्रत्येक जिले में चयनित एक विकासखंड में चलाया जा रहा है जिसके तहत दुर्ग जिले में पाटन ब्लॉक का चयन किया गया है जिसके तहत मितानिन द्वारा घर घर जाकर प्रारंभिक सर्वे का कार्य किया जा रहा है एवं नेत्र सहायक अधिकारियों द्वारा मरीजो का जांच किया जा रहा है। इस अवसर पर सीएचओ लाभेश्वरी यदु, आरएचओ मधु साहू ,ममता चंद्राकर, मितानिन हेमपुष्पा साहू,सरिता साहू,रामदुलारी साहू,हितमोतिन साहू,मेहतरीन मेहर,ममता यदु आदि उपस्थित रहे।



■ सम्पूर्ण नेत्र सुरक्षा अभियान का लाभ मिल रहा ग्रामीणों को

## भाजपा कार्यकर्ताओ ने याद किया सरदार पटेल को

**अंडा।** ओटेबन्द मंदिर प्रांगण से रन फ़ॉर यूनिटी का कार्यक्रम किया गया। जिसमे प्रमुख रूप से जनपद पंचायत गुण्डरदेही अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, भाजपा मंडल अध्यक्ष कुलदीप साहू, जनपद सदस्य कौशल किशोर साहू,गुलशन हिरवानी मंडल महामंत्री द्वय तुलेश्वर चंद्राकर हेमंत साहू सरपंच गण इंद्रजीत चंद्राकर महेंद्र साहू, हेमंत साहू, पुखराज निर्मलकर अवधेश यादव मनोज खरे रविंद्र देशलहरे खेमन चंद्राकर दीनदयाल साहू कुलेश्वर देवांगन हितेश निर्मलकर उत्तम साहू दुजराम, कोमल निर्मलकर, अनूप साहू, पवन साहू, मनीष बंजारे,सुनील साहू, डेमन देशमुख व अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।



## बोरई आंगनबाड़ी केंद्र में याद किए सरदार पटेल और इंदिरा के आदर्श



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बोरई के आंगन बाड़ी केंद्र में भारत रत्न सरदार वल्लभ भाई पटेल 'लौह पुरुष' की 150 वीं जयंती तथा लंबे समय तक देश का नेतृत्व करने वाली प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा प्रियदर्शिनी गांधी ₹आयरन लेडी₹ की पुण्यतिथि मनाई गई। आंगन बाड़ी कार्यकर्ता ,सहायिका, बच्चों के साथ कांग्रेस की आनुषांगिक संगठन शक्ति की संयोजिका शशि साहू और सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष रिवेंद्र यादव की मौजूदगी में श्रद्धासुमन अर्पित किए गए।

सरपंच संघ के पूर्व अध्यक्ष रिवेंद्र यादव ने कहा कि इन महापुरुषों की दूरदृष्टा का ही परिणाम है जिसे संपूर्ण राष्ट्र कभी भुला नहीं सकता और आज इस अवसर पर सरदार वल्लभ भाई पटेल व इंदिरा गांधी को गांव गली से लेकर शहर संसद तक विनम्रभाव से नमन कर रहा है। कांग्रेस शक्ति की संयोजिका शशि साहू ने राष्ट्रीय एकता दिवस मनाने के विषय में जानकारी दी।

इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से ग्राम विकास समिति अध्यक्ष कैलाश सिन्हा, डॉ जितेंद्र साहू, राहुल साहू, गया विश्वकर्मा, रतन ठाकुर, पूर्णानंद ठाकुर, रामकली यादव, विनेश ठाकुर, मनीषा सेन, गोमती सिन्हा, ख़ेमिन ठाकुर, चंदा चक्रधारी, हुमन साहू, सावित्री मानिकपुरी, शशि ढीमर, योगेश्वरी साहू, उमा ठाकुर, झमित देशमुख, भुनेश्वरी राउत, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता यूरिका कुर्रे, सहायिका तरुणा कुर्रे सहित बच्चे उपस्थित रहे।

## मातर मिलन में दोहा पारने के साथ हुआ अखाड़ा का प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उतई

ठेठवार यादव समाज डुन्डेरा के द्वारा भव्य मातर मिलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें समाज के लोगों ने उमंग व उत्साह के साथ जोश भरे अंदाज में प्रेरक दोहा पारने के साथ अखाड़ा कला प्रदर्शन किया। इस दौरान समाज युवा पर्यावरण कार्यकर्ता रोमशंकर यादव को अमिताभ बच्चन के हाथों फोर्स फार गुड हीरोज सम्मान मिलने पर कार्य के मुख्य अतिथि पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने सम्मानित किया। वहीं ग्राम के शाखा डाकपाल तेजेश्वरी वैष्णव को केन्द्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा नायक से नवाजे पर सम्मानित किया गया।

■ फोर्स फार गुड हीरोज पर्यावरण कार्यकर्ता रोमशंकर व डाक नायक तेजेश्वरी का किया सम्मान



इस दौरान मुख्य अतिथि ताम्रध्वज साहू ने कहा रोम शंकर लगातार पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य करते हुए पूरे क्षेत्र के लोगों में पर्यावरण के प्रति जागरुकता लाने का काम किया है। सदी के महानायक के हाथो केबीसी जैसे प्रतिष्ठित मंच से सम्मानित किया जाना यादव समाज, डुन्डेरा, दुर्ग ग्रामीण विधानसभा सहित यह पूरे छत्तीसगढ़ के लिए गौरव की बात है। इसी तरह तेजेश्वरी ने डाक नायक के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। मंत्री श्री साहू ने कहा कि रोमशंकर तरह समाजसेवा का नशा मान प्रतिष्ठा मिलता है युवाओ को ऐसे सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देना चाहिए।

विशिष्ट अतिथि दुर्ग राज ठेठवार समाज के अध्यक्ष राजकुमार यादव, कोसरिया यादव समाज के जिला उपाध्यक्ष हरीश यादव, पार्षद रोहित धनकर एवं विक्रम चंद्राकर ने भी संबोधित करते हुए यादव समाज द्वारा छत्तीसगढ़ की संस्कृति को बचाए रखने एवं समाज के युवा रोम शंकर द्वारा पर्यावरण संरक्षण में योगदान की सराहना की। कार्यक्रम का संचालन ठेठवार यादव समाज डुन्डेरा के अध्यक्ष खुमान सिंह यादव व आभार प्रदर्शन गोविंद राम साहू ने किया। इस दौरान पंडित भीखम प्रसाद शर्मा, अशोक साहू, जीनत साहू , चेतन साहू, रामनाथ यादव, घनश्याम यादव, पवन यादव, केशव महिपाल, श्यामलाल साहू, तुलुराम साहू, नीलमणी चंद्राकर,सहदेव यादव सिरसा, पुरेन्द्र यादव, बलराम यादव, नरेन्द्र यादव, लक्ष्मीकांत यादव, पोषण देवांगन, तुलसी विश्वकर्मा, सहदेव यादव, ऋषि कुमार यादव, कुबेर यादव, छोटू यादव सहित बड़ी संख्या में समाज के लोग एवं ग्रामीण मौजूद थे।

## महिला वॉलीबाल में गर्ल्स कॉलेज दुर्ग विजेता, कल्याण उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

छत्तीसगढ़ शासन, उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में शैलदेवी महाविद्यालय, अण्डा, दुर्ग द्वारा सेक्टर स्तरीय महिला वॉलीबाल प्रतियोगिता 2025 का आयोजन 29 अक्टूबर को हुआ। प्रतियोगिता में कुल 7 टीमों ने सहभागिता कर उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजन कुमार दुबे, चेयरमेन, शैलदेवी एजुकेशनल सोसायटी, भिलाई ने सरस्वती पूजन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि- खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलना चाहिए क्योंकि खेल जीवन का अंग है अतः खेल में न जीत का अहंकार हो और ना ही हार की निराशा, सदैव खेल भावना से प्रेरित होकर उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन करें इसके पश्चात खेल का शुभारंभ किया गया। प्रतियोगिता के सफल संचालन में महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, खेल अधिकारी, छात्र-छात्राएँ एवं सहयोगी स्टाफ का विशेष योगदान रहा। दिनभर चले मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार खेल भावना का परिचय दिया।

■ शैलदेवी महाविद्यालय अण्डा में सेक्टर स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन



वहीं इस प्रतियोगिता को देखने के लिए बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। अंत में मुख्य अतिथि ने विजेता शा. डॉ. वामन वासुदेव पाटणकर गर्ल्स स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग एवं उपविजेता कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई टीम को पुरस्कृत किया। वहीं राज्यस्तरीय महिला वॉलीबॉल टीम के लिए चयनित खिलाड़ियों में शा. कन्या महाविद्यालय, भिलाई से कोमल, दीप्ति, रेखा, भोमिता,कल्याण पी. जी. कॉलेज, भिलाई से अमरप्रीत कौर, जयंती बाग, पायल नायक, शा. नवीन महाविद्यालय, बेरला से नंदिनी, पुष्पा, मोनिका,श्री शंकराचार्य महाविद्यालय से कृतिका रेड्डी एवं चेष्ठा जनबंधु सेठ रतन चंद सुराना कॉलेज, दुर्ग को उज्जवल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी।

**बिजनेस साइट**

## ओम ज्वेलर्स में आकर्षक उपहार एवं डिस्काउंट

**दुर्ग।** पूरे शहर के हृदय स्थल में स्थित इंदिरा मार्केट दुर्ग, शॉप नंबर 64बी, प्रिया श्रृंगार सदन के सामने अपने शोरूम रेड एंड व्हाइट कलर के लिए जाना माना सुप्रसिद्ध शॉप ओम ज्वेलर्स में दीपावली के अवसर पर विशेष डिस्काउंट एवं विशेष छूट अपने सभी कस्टमर को दिया जा रहा है। जहां आपको एडवांस बुकिंग करने पर तत्काल जितना ग्राम सोना उतना ग्राम चांदी फ्री एवं शादी के गहनों की शॉपिंग पर डिस्काउंट के साथ इंपोर्टेड वॉच एवं इंपोर्टेड टूरिस्ट बैग तत्काल प्रदान की जाती है। श्री ओम ज्वेलर्स के संचालक सोनी ने बताया कि धनतेरस से लेकर लक्ष्मी पूजा तक दिवाली में भीड़ होने की वजह से ग्राहकों को विस्तार से डिजाइन दिखाने में सुविधा होती है। अपने ग्राहकों को भीड़ भाड़ से बचने के लिए धनतेरस से पहले बुकिंग करें एवं धनतेरस के शुभ मुहूर्त पर अपने मनपसंद जेवर घर ले जाएं। हमारी शॉप में टोटल हॉलमार्क गहने जिसमे 6 अंकों का huid कोड ही जेवर उपलब्ध होती है जो 100% विश्वनीयता पर खरा रहती है।




पूरे क्षेत्र में सबसे कम मेकिंग चार्ज पर गहने प्रदान की जाती है। हमारी शॉप में कम कीमत से अधिक कीमत की गहने उपलब्ध हैं जिसमें हर फैमिली के बजट अनुरूप गहने उपलब्ध मिलती है। जहां सोने का हार चोकर नेकलेस 5 ग्राम से स्टार्ट है। सोने की अंगूठी, झुमका, ऐयरिंग, डबल कुंडा, फैंसी लॉकेट, मंगलसूत्र, टॉप्स 2 ग्राम से शुरू है। हमारे शॉप में 916 हॉलमार्क 833 हॉलमार्क 750 हॉलमार्क के गहने उपलब्ध है एवं चांदी में डायमंड सेट हार सेट 925 के सिल्वर बैंकॉक के इंपोर्टेट वॉच न्यू डिजाइन उपलब्ध है। साथ ही पायलों की विस्तृत रेंज जैसे नई वैरायटी के करधन, पायल, बैंगल्स, हाथ फूल, बिछिया, चैन, लॉकेट की एक से बढ़कर एक वैरायटी उपलब्ध है। वहीं हमारे शॉप में टोटल ओपन डिस्प्ले होने की वजह से मनपसंद गहने खरीदने में सुविधा होती है। सभी प्रकार के चेक, ऑल एटीएम एवं क्रेडिट कार्ड, डेबिट कार्ड एक्सेप्ट की सुविधा है। आशा है बेहतरीन से बेहतरीन डिजाइन लेने के लिए आज ही ओम ज्वेलर्स जरूर पधारे।

## सेवानिवृत्ति पर शाखा प्रबंधक को दी विदाई



**जामगांव आर।** जिला केंद्रीय सहकारी बैंक जामगांव आर शाखा प्रबंधक संतराम सेन शुक्रवार को सेवानिवृत हो गए। संध्या विदाई समारोह आयोजित कर श्री सेन को विदाई दी गई। साथ ही नए अतिरिक्त शाखा प्रबंधक महेंद्र मढरिया का स्वागत किया गया। इस अवसर पर कुम्हली सोसायटी प्राधिकृत अधिकारी तेजेंद्र पिपरिया और भरर सोसायटी प्राधिकृत अधिकारी राजेश बंछोर मंचासिन रहे। संतराम सेन सेवा निवृत्ति शाखा प्रबंधक, एम के मड़रिया प्रभारी शाखा प्रबंधक, विरेन्द्र देशमुख शाखा पर्यवेक्षक, संजय चंद्राकर सहायक लेखापाल आदि उपस्थित थे।

## संपति का अर्जन और उपयोग ऐसा करे कि विपत्ति का कारण ना बन पाए : आचार्य हरीश चतुर्वेदी

**जामगांव आर।** लूणी बाई केला फ्रंट परिसर में आयोजित श्री मद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चौथे दिन शनिवार को वामन अवतार श्री कृष्ण जन्मोत्सव की कथा का श्रवण भागवताचार्य पंडित हरीश चतुर्वेदी ने भक्तों को कराया। प्रारंभ में मदनलाल, मीठालाल, चंपालाल, बद्रीनारायण केला, सौरभ राठी, राहुल राठी, आसकरण जैन और श्री टावरी बेमेतरा सहित मातृशक्ति ने आचार्य श्री का पुष्प से स्वागत किया। भागवत आचार्य पंडित हरीश चतुर्वेदी ने कहा कि उतनी संपति अर्जित करो कि संपति विपत्ति का कारण ना बन पाए। अधिक संपति अर्जन से अहंकार ना पाए इसलिए भगवान भक्ति में सच्चे भाव के साथ जुड़े रहे दान धर्म करते रहे।चंचला लक्ष्मी का उपयोग नहीं करोगे तो जीवन में अनेकों समस्या घेरने लग जाएगी और जीवन असंतोष के चक्र जाल में फंस कर वेदनाओं से भरने लग जाएगा।



HEALTH TOWN

आयुर्वेदिक कैंसर क्लिनिक
सभी तरह के कैंसर का बिना साइड इफेक्ट के आयुर्वेद एवं पंचकर्म द्वारा संपुर्ण ईलाज़
Dr. Rituraj Taank
B.A.M.S.
Nadi vaidya
Sri Sri tattva
Bangalore
पता: चरक हैल्थ क्लिनिक, दुबे कालोनी, मोवा, रायपुर (छ.ग.), 9926644448, 9630053692

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# दसवी-बारहवीं प्री बोर्ड परीक्षा की तैयारी, 36 स्पेशलिस्ट टीचरों ने बनाया प्रश्न बैंक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

दसवीं व बारहवीं प्री बोर्ड परीक्षा की तैयारी अभी से शुरू हो गई है। जिला शिक्षा विभाग ने बोर्ड का रिजल्ट बेहतर आए इसके लिए जुट गई है। 36 विषय विशेषज्ञ शिक्षकों की एक टीम बनाई है। यह टीम बोर्ड परीक्षार्थियों के लिए प्रश्न बैंक तैयार किया है। इस प्रश्न बैंक को हर स्कूलों में भेजा जाएगा और इसी पर केंद्रित आगे की पढ़ाई होगी। यानी प्रश्न बैंक पर फोकस पढ़ाई से विद्यार्थियों को कम समय में ज्यादा तैयारी करने का अवसर मिलेगा।

**ब्लू प्रिंट के हिसाब से तैयार किया गया है प्रश्न बैंक**

दसवी और बारहवीं बोर्ड के प्रश्न बैंक स्पेशलिस्ट टीचरों ने ब्लू प्रिंट के हिसाब से तैयार किए हैं। इससे विद्यार्थियों को यह सुविधा होगी कि वे निर्धारित अंकों के हिसाब से सवाल का हल लिखेंगे। यानी यदि 2 नंबर का सवाल बोर्ड परीक्षा में पूछे गए हैं तो उसका उत्तर कितने शब्दों तक लिखना है यह विद्यार्थियों को बताया जाएगा। कई विद्यार्थी कम नंबर के सवाल के बड़े-बड़े उत्तर लिख देते हैं जिसकी वजह से उनका समय बर्बाद हो जाता है और आखिरी समय में कुछ सवाल की छोड़ कर चले आते हैं। इसी तरह यदि कोई सवाल 5 अंक का है तो उसे कितने शब्दों का देना है।

## हर स्कूलों में बांटे जाएंगे प्रश्न बैंक, इसी से होगी अब आगे की पढ़ाई

### 28 हजार 201 विद्यार्थियों की प्री बोर्ड की तैयारी

जिला शिक्षा विभाग दुर्ग जिले के दसवी और बारहवीं बोर्ड में अध्ययनरत 28 हजार 201 विद्यार्थियों को प्री बोर्ड के दायरे में लिया है। ये विद्यार्थी 179 हाई व हायर सेकंडरी स्कूल में पढ़ रहे हैं। इन विद्यार्थियों में से जो विद्यार्थी प्री बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक लाएंगे उनके लिए विशेष कार्ययोजना बनाई जा रही है जिससे वे राज्य स्तर पर मेरिट में स्थान बना सके। वहीं जो बच्चे कमजोर निकलेंगे उन्हे कम से कम उत्तीर्ण हो जाए ऐसी योजना विभाग बना रही है।

### इस बार 11 वीं क्लास व बोर्ड की अर्धवार्षिक परीक्षा एक साथ

जिला शिक्षा विभाग दसवी-बारहवीं प्री बोर्ड परीक्षा के पूर्व छिमाही परीक्षा भी लेगा। छिमाही परीक्षा इस बार 11 वीं के विद्यार्थियों की भी दसवी और बारहवीं बोर्ड के साथ होगी। जिससे 11 वीं कक्षा के विद्यार्थियों की पढ़ाई की स्थिति का पता चल सकेगा और इसी हिसाब से उनकी भी तैयारी करवाई जाएगी। 11वी के ही विद्यार्थी अगले साल बारहवीं बोर्ड की परीक्षा देंगे। इसलिए अभी से उन्हे भी बोर्ड परीक्षा के हिसाब से मानसिक रूप से तैयार करना जिला शिक्षा विभाग का मकसद है।

### इसी महीने बंटेगी सभी स्कूलों में प्रश्न बैंक

प्री बोर्ड परीक्षा की तैयारी जिला शिक्षा विभाग अभी से करना प्रारंभ कर दिया है। इसलिए सभी सरकारी हाई व हायर सेकंडरी स्कूल में प्रश्न बैंक इसी महीने नवंबर से वितरित की जाएगी। जिससे स्कूलों के सभी शिक्षकों को विद्यार्थियों की पढ़ाई करवाने के लिए पर्याप्त समय मिल सके। जिला शिक्षा विभाग इस तैयारी की मानिटरिंग भी करेगा और बीच-बीच में समीक्षा बैठक लेकर इसकी प्रगति की जानकारी भी ली जाएगी।

### प्रश्न बैंक तैयार

दसवी और बारहवीं बोर्ड विद्यार्थियों की प्री बोर्ड परीक्षा ली जाएगी। हमने इसकी तैयारी कर ली है। प्रारंभिक तैयारी में प्रश्न बैंक तैयार करवा लिया है। एक्सपर्ट सब्जेक्ट टीचरों की टीम ने इसे तैयार किया है। प्रश्न बैंक का वितरण सभी हाई व हायर सेकंडरी स्कूलों में इसी महीने करवा रहे हैं ताकि तैयारी अभी से हो।
**-अरविंद कुमार मिश्रा**
डीईओ दुर्ग जिला

## खबर संक्षेप

### विधायक ललित दी देव उठनी एकादशी की बधाई



दुर्ग। ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने क्षेत्रवासियों को देव उठनी एकादशी की शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि देव उठनी एकादशी का पर्व हमारे लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। जब भगवान विष्णु अपनी चार महीने की निद्रा से जागते हैं और सृष्टि का संचालन पुनः प्रारंभ करते हैं। विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि देव उठनी एकादशी के इस अवसर पर हम सभी को अपने जीवन में सुख, शांति और समृद्धि की कामना करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि यह पर्व हमें अपने जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने और अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए प्रेरित करता है। यह पर्व हमें अपने जीवन में भगवान की कृपा और आशीर्वाद प्राप्त करने का अवसर प्रदान करता है।

### अमित को बांकीपुर विस में चुनाव प्रचार का मिला जिम्मा



**भिलाई।** भाजयुमो भिलाई जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा को बिहार विधानसभा चुनाव में बांकीपुर विधानसभा का प्रभार मिला है। बता दें कि छत्तीसगढ़ भाजपा प्रभारी व बिहार के पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन यहां से लगातार विधायक रहे है और वर्तमान में प्रत्याशी है। उल्लेखनीय है कि भाजपा युवा मोर्चा राष्ट्रीय टीम द्वारा आयोजित बिहार चुनाव प्रवासी कार्ययोजना के तहत राष्ट्रीय कार्यालय दिल्ली में बैठक 11 सितंबर को हुई थी। इसमें बिहार चुनाव प्रवासी कार्यकर्ता के नाते भिलाई से युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अमित मिश्रा सम्मिलित हुए थे। उन्हें बांकीपुर विधानसभा में युवा मोर्चा के कार्यक्रम युवा चौपाल को कराने, बूथों में घर-घर संपर्क कर वोटर पर्ची पहुंचाने की जिम्मेदारी दी गई है। वे जक्कनपुर मंडल के बूथ स्तर पर कार्य के साथ-साथ बांकीपुर विधानसभा के युवा मोर्चा के साथियों के साथ कार्य कर रहे है।

### पशुओ को खुला छोड़ने पर होगी कार्रवाई

**भिलाई।** नेशनल हाईवे नेहरू नगर चौंक से पावर हाउस चौक तक रोड बाधित करने वाले पशुओं को पकड़ने की कार्यवाही की जा रही है। आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय के निर्देश पर बेदखली प्रभारी विनय शर्मा अपने दल के साथ पशुओं को पकड़ने का कार्य कर रहे हैं। पकड़े गये पशुओं को कोसानाला गौठान में रखा जा रहा है। जहां उनके खाने के लिए हरा चारा, पानी की व्यवस्था किया गया है।

## हाल बेहाल : लाखों खर्च कर बने पार्क देखरेख के अभाव में हुए जर्जर

# भिलाई निगम पार्कों के रखरखाव में खर्च कर रहा 65 लाख, फिर भी हालत खराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर निगम स्मार्ट सिटी की तर्ज पर शहर का विकास करने के लिए करोड़ों रुपए खर्च कर रहा है, लेकिन उसी निगम की अनदेखी के चलते भिलाई व टाउनशिप के अधिकांश पार्कों की हालत खराब है। इन पार्कों के रख रखाव के लिए हर साल लगभग 65 लाख रुपए खर्च कर रहा है, लेकिन यहां की हालत इतनी खराब है कि यहां नशेड़ियों के आलावा कोई नहीं आना चाहता है। अधिकारियों के द्वारा ध्यान नहीं दिए जाने से सभी पार्क पूरी तरह से उजाड़ हो गए हैं। पार्क में जगह जगह कचरे का ढेर जमा हो गया है। वहां मवेशी घूमते नजर आ रहे हैं।

भिलाई निगम क्षेत्र अंतर्गत 150 छोटे-बड़े पार्क हैं। जब ये पार्क बने थे तो यहां बच्चों और आसपास रहने वाले लोगों की खासी भीड़ होती थी, लेकिन अब लोग नहीं आते हैं। सभी पार्कों में सन्नाटा पसरा रहता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पार्कों में ना तो पेड़ पौधों की सही देखरेख होती है और ना कोई साफ सफाई का ध्यान दिया जा रहा है। इससे वो लोग यहां नहीं आते हैं।

### बच्चों के खेलने की जगह पर जमा हो गया है कचरे का ढेर





### जनता के पैसे से बने पार्कों की दुर्दशा

सेक्टर 2 के संत करतार सिंह उद्यान, संत गुरु घासीदास बाबा उद्यान, सेक्टर 5 उद्यान, सिविक सेंटर स्थित ट्रैफिक पार्क, सेक्टर 7 के पार्क, प्रियदर्शनी परिसर सुभाष चंद्र बोष उद्यान, राधिका नगर सहित शहर के कई पार्क देखभाग के अभाव में जर्जर स्थिति में है। वहीं सबसे खराब हाल सेक्टर-7 के पार्कों की है। यहां एक पार्क में बच्चों के लिए लगाए गए झुले को देखकर लगाता है कि किसी ने यहां अपनी झोपड़ी बनाकर रहना शुरू कर दिया है।



### 150 गार्डन के पीछे सालाना 65 लाख खर्च

भिलाई निगम अंतर्गत 150 गार्डन है। गार्डनों की देखरेख के लिए 35 प्लेसमेंट कर्मचारियों की नियुक्ति की गई है। सालाना करीब 65 लाख रुपए खर्च आता है। पार्कों की लगातार साफ सफाई की जा रही है। इसके लिए टीम बनाई गई है। बरसात के कारण जंगल झाड़ी उग गए हैं।
**-तिलेश्वर साहू,** उद्यानिकी व जनसंपर्क अधिकारी, नगर निगम भिलाई

### मैन पॉवर की कमी

जानकारी के अनुसार पार्कों की देखरेख के लिए मैन पॉवर की काफी कमी है। इसके कारण कई पार्कों की हालत काफी दयनीय है। वहीं स्थानीय पार्षद भी अपने वार्डों में स्थित पार्कों की सुंदरता व साफ सफाई को लेकर विशेष ध्यान नहीं देते। वार्डों में पार्क बना दिए गए लेकिन प्रॉपर देखरेख की अभाव में आज जर्जर हालत में है। कई पार्कों में जहां कभी बच्चों की हंसी गूंजती थी, अब सन्नाटा पसरा है। रात में अंधेरा होने के कारण असामाजिक तत्वों का भी जमावड़ा लगा रहता है।

# नंदिनी माइंस मलखुरी स्कूल में हुई ग्राम सभा



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सतर्कता विभाग एवं खदान विभाग के तत्वावधान में सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत नंदिनी खदान क्षेत्र स्थित शासकीय प्राथमिक विद्यालय, मालपुरी खुर्द ग्राम में ग्राम सभा का आयोजन किया गया।

■ **विद्यार्थियों ने गीत व नृत्य से दिया सत्यनिष्ठा का संदेश**

मुख्य महाप्रबंधक और एसीवीओ सुनील सिंघल कार्यक्रम के अध्यक्ष रहे। महाप्रबंधक संदीप गुप्ता, महाप्रबंधक सुधाकर जमुलकर, महाप्रबंधक रेणू गुप्ता, वरिष्ठ प्रबंधक अनुराग मित्तल, उप प्रबंधक शशि भूषण प्रसाद, वरिष्ठ सतर्कता निरीक्षक अजय सिंह तथा सतर्कता निरीक्षक आरवी गोपाल राव उपस्थित थे।

शासकीय प्राथमिक विद्यालय, मालपुरी खुर्द ग्राम के प्रधानपाठक नीलमचंद ताम्रकार, विद्यालय के शिक्षक तथा ग्राम पंचायत मालपुरी खुर्द के प्रतिनिधि भी कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। महाप्रबंधक रेणू गुप्ता द्वारा उपस्थित जनों को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा स्वागत गीत, नृत्य प्रस्तुति एवं छत्तीसगढ़ी लोकनृत्य सहित विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। प्रधानपाठक नीलमचंद ताम्रकार ने स्वागत भाषण दिया। बीएसपी के सतर्कता अधिकारियों द्वारा विद्यालय के विद्यार्थियों एवं शिक्षकों को स्मृति उपहार भी प्रदान किए गए।

### भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ चुनाव खारिज

**भिलाई।** भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ द्वारा विगत 27 जुलाई को हुए चुनाव को खारिज कर दिया गया है। महासचिव गजानंद साहू ने बताया कि चतुर्थ प्रबंधकारिणी के लिए तीन वर्षीय कार्यकाल हेतु चुनाव कराया गया था। उक्त चुनाव के लिए अमोल दास साहू को निर्वाचन अधिकारी भिलाई महासंघ द्वारा मनोनित किया गया था। उपरोक्त चुनाव में कुछ सदस्यों के द्वारा भिलाई वरिष्ठ नागरिक महासंघ की नियमावली के नियमों को अनदेखा कर भारी अनियमितता की गई, जिसके कारण उपरोक्त चुनाव के संबंध में जेआर साहू संगठन सचिव द्वारा लिखित आपत्ति दर्ज की गई थी। इसके आधार पर चुनाव अधिकारी ने 27 जुलाई 2025 को हुए चुनाव को सिरे से खारिज कर दिया है तथा संस्था की नियमावली के अनुसार निर्वाचन कार्य कराने की प्रक्रिया जारी है।

# निदेशक और प्राचार्य शिक्षा के भविष्य को आकार देने वाले दूरदर्शी नेता : पुनिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

शिक्षा के क्षेत्र में लगभग तीन दशकों की विशिष्ट सेवा के साथ पुनिता नेहरू भारतीय शैक्षणिक परिदृश्य में प्रेरणा और परिवर्तनकारी नेतृत्व की एक किरण बनी हुई हैं। एक गतिशील दूरदर्शी और सुधार-प्रेरित शिक्षिका, उन्होंने अपना करियर संस्थानों को उत्कृष्टता के जीवंत केंद्रों में बदलने के लिए समर्पित किया है जो बुद्धि और चरित्र दोनों का पोषण करते हैं। 21वीं सदी के नवाचार के साथ पारंपरिक मूल्यों को मिश्रित करने की अपनी क्षमता के लिए प्रसिद्ध नेहरू ने देश के कुछ सबसे सम्मानित स्कूलों का सफलतापूर्वक नेतृत्व किया है, जिनमें द शिशुकुंज इंटरनेशनल स्कूल (इंदौर), एसएन कंसाग्रा द गैलेक्सी एजुकेशन सोसाइटी, दिल्ली पब्लिक स्कूल रायपुर और श्री सत्य साईं विद्या विहार इंदौर शामिल हैं। उनके नेतृत्व में स्कूलों में शैक्षणिक मानकों, बुनियादी ढांचे और छात्र नामांकन में तेजी से वृद्धि देखी गई जो उनकी दूरदर्शी योजना और लोगों-प्रथम नेतृत्व का प्रमाण है।

### पुनिता नेहरू को राष्ट्रीय स्तर पर मिल चुका कई सम्मान

नवीन शिक्षाशास्त्र और मूल्य-आधारित शिक्षण कार्यक्रमों की शुरुआत से लेकर अत्याधुनिक परिसरों और समग्र विकास ढांचे के निर्माण तक, उनके योगदान ने संस्थागत उत्कृष्टता के लिए लगातार नए मानक स्थापित किए हैं। एक सम्मानित राष्ट्रीय शिक्षाविद् नेहरू को कई पुरस्कार प्राप्त हुए हैं, जिनमें फ्यूचर 50 लीडर्स शेपिंग सक्सेस अवार्ड, सीबीएसई विवेकानन्द एक्सीलेंस अवार्ड और ब्रिटिश काउंसिल इंटरनेशनल स्कूल अवार्ड शामिल हैं। उनके विचार नेतृत्व ने ब्रेनफीड और मेंटर पत्रिकाओं के कवर को सुशोभित किया है, और वह शैक्षिक सुधार, क्षमता निर्माण और समग्र शिक्षा पर एक लोकप्रिय आवाज़ बनी हुई हैं।

### लेखिका, अकादमिक डेवलपर और सलाहकार के रूप में बनाई पहचान

अपने प्रशासनिक कौशल से परे, वह एक लेखिका, अकादमिक डेवलपर और सलाहकार हैं, जिन्होंने एस. चंद के लिए अंग्रेजी पाठ्यपुस्तकें लिखी हैं और वर्तमान में सीबीएसई संरेखित ग्राफिक उपन्यास परियोजनाओं का नेतृत्व कर रही है। आईआईएम इंदौर, आईआईएम बैंगलोर और यूनिवर्सिटी ऑफ वेल्स (यूके) जैसे प्रमुख संस्थानों के साथ उनका जुड़ाव उनके वैश्विक दृष्टिकोण और निरंतर सीखने के प्रति गहरी प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन समारोह, सफाई मित्रों का सम्मान




भिलाई। भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान का समापन शुक्रवार को महात्मा गांधी कला मंदिर में हुआ। अनुविभागीय दंडाधिकारी हितेश पिसदा मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम में 400 से अधिक सफाई मित्रों सहित बीएसपी के अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

इस अवसर पर सीजीएम उत्पल दत्ता, कोतवाली थाना प्रभारी जीतेन्द्र वर्मा, जीएम एबी श्रीनिवास, केके यादव, ओए महासचिव अंकुर मिश्रा, कोषाध्यक्ष सौभाग्य रंजन साहू , जीएम डॉ. एनके जैन, महेन्द्र कुमार साहू, एजीएम रमेश गुप्ता, मिलिंद बंसोड, उप प्रबंधक विवेक मिश्रा तथा एजीएम रेमी थॉमस आदि उपस्थित थे। अतिथियों ने श्रमदान कर झाड़ू लगाकर स्वच्छता पखवाड़ा समापन समारोह शुरु किया।

### दिलाई एकता की शपथ

हितेश पिसदा ने उनके योगदान को समाज के लिए अमूल्य बताया। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल जयंती पर राष्ट्र निर्माण में योगदान का उल्लेख कर एकता शपथ दिलाई उत्पल दत्ता ने सफाई मित्रों के कार्य को सराहा। स्वागत भाषण में केके यादव ने दिया। समारोह का संचालन सुप्रियो सेन ने किया।

# प्रधानमंत्री मोदी से मिले शिक्षा मंत्री गजेन्द्र कहा : यह उत्सव नहीं विकास की शुरुआत

**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का रायपुर आगमन हुआ। शिक्षा, ग्रामोद्योग और विधी विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने रायपुर विमानतल में उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर वे रायपुर में विभिन्न कार्यक्रम में शामिल भी रहे। केबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा कि हमारा छत्तीसगढ़ अपने स्थापना के 25 साल पूरे कर रहा है। रजत महोत्सव का ये पर्व सिर्फ उत्सव नहीं, विकास की नई शुरुआत है।

■ **छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव में शामिल हुए मंत्री यादव**

शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने प्रदेशवासियों को 1 नवम्बर राज्य उत्सव की शुभकामना देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव एवं 25 वें छत्तीसगढ़ राज्योत्सव के अवसर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नवनिर्मित छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन का उद्घाटन किये। यह भव्य भवन सिर्फ ईंट और पत्थरों का ढांचा नहीं, बल्कि नए छत्तीसगढ़ की सोच, शक्ति और संकल्प का प्रतीक है। यह उस विकासयात्रा की पहचान है, जो भाजपा सरकार के नेतृत्व में सबका साथ, सबका विकास के मंत्र के साथ आगे बढ़ रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ आज विकास के नए युग में प्रवेश कर रहा है, जहाँ परंपरा और आधुनिकता, संस्कृति और प्रगति साथ-साथ चल रही हैं। नया विधानसभा भवन न केवल शासन का केंद्र बनेगा, बल्कि यह प्रदेश की लोकतांत्रिक चेतना और सशक्त भविष्य का प्रतीक भी होगा।



# छत्तीसगढ़ महतारी सम्मान दिवस के रूप मे मनाया गया राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ

**जामुल।** छत्तीसगढ राज्य की 25 वीं वर्षगांठ रजत जयंती के अवसर पर रावणभाठा जामुल में ब्लाक कांग्रेस कमेटी द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी सम्मान दिवस के रूप मे मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत छत्तीसगढ़ महतारी की आरती, पूजा-पाठ और माल्यार्पण कर अरपा पैरी के धार से हुई।

ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष प्रकाश सिंह ठाकुर ने कहा कि विगत दिनों राजधानी में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा को खण्डित कर अपमानित करना, छत्तीसगढ़ के धर्म प्रवर्तक पूज्य गुरु घांसी दास बाबा पर अभद्र टिप्पणी हमारी आस्था, संस्कृति, परम्परा और गौरव के प्रतीक पर हमला है। इसका कांग्रेसजन घोर निंदा करते हैं। कार्यक्रम में करीम खान महामंत्री दुर्ग जिला ग्रामीण, सुनीता चन्नेवार उपाध्यक्ष नगर पालिका जामुल, सरोजनी चन्द्राकर पूर्व नपाप अध्यक्ष जामुल, पूर्व एल्डरमैन मन्नुलाल यादव, मधुसूदन हिरवानी वरिष्ठ कांग्रेसी आदि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन ब्लाक अध्यक्ष प्रकाश सिंह ठाकुर वे आभार प्रदर्शन सुमन वर्मा ने किया।









हरिभूमि लाइव
रायपुर, रविवार 2 नवंबर 2025
Email id- haribhoomibhilai@gmail.com
7747020002, Message at - 9755819129




राज्यस्तरीय फुटबॉल पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में तकनीकी एवं फार्मेसी की टीमों ने लिया हिस्सा

## लाइव इवेंट

### निरोग रहने आंवले वृक्ष की पूजा कर छांव में बैठकर किया भोज, लिया आशीर्वाद



**भिलाई।** आंवला नवमी के अवसर पर सभी स्थानों में विधिविधान और भक्तिभाव के साथ आंवले वृक्ष की पूजा की गई और उसकी छांव में बैठकर भोजन ग्रहण किया। इस दौरान महिलाओं ने आंवला वृक्ष की कच्चे सूत को बांधकर विधिवत पूजा-अर्चना कर परिक्रमा की। परंपरानुसार धन, वैभव और उत्तम स्वाथ्य के लिए जिमी कांदा की सब्जी का भोग लगाकर परिवार सहित लोगों ने आंवला वृक्ष के नीचे बैठकर वनभोज किया। उद्यानों में सनातनियों की काफी भीड़ जुटी दिखाई दी। इस दौरान सभी परिवार सहित गार्डन में और आवंले वृक्ष के नीचे भोजन कर पिकनिक मनाने का आनंद भी लिया। सभी गार्डन जहां भी आंवला वृक्ष है वहां काफी हलचल दिखाई दी। मान्यता है कि इस दिन आंवला वृक्ष की पूजा करने पर मां लक्ष्मी की विशेष कृपा बरसती है। स्वदेशी पिकनिक के इस पर्व का गहरा संबंध आयुर्वेद से भी है। सभी जानते हैं कि आंवला के फल में प्रचुर मात्रा में विटामिन सी, लौह तत्व के अलावा कई औषधीय गुण होते हैं। इस मौसम में बहुतायत में आंवला का फल बाजार में आता है। आंवला नवमी को अक्षय नवमी भी कहा जाता है। इस दिन महिलाएं घर पर सात्विक भोजन बनाती हैं। इस दिन बनाई जाने वाली सब्जी में महिलाएं सात प्रकार की सब्जियों को एक साथ मिलाकर बनाती हैं। महिलाएं आंवले के पेड़ के नीचे पूजा करने के बाद वहीं पर बैठकर ब्राह्मणों को भोजन कराकर परिवार के लोगों के साथ वहीं भोजन करती हैं।

- अक्षय नवमीं पर आंवला वृक्ष के नीचे बैठकर किया सात्विक भोजन, निरोगी काया का मांगा आशीर्वाद





● तुलसी संग शालिग्राम का विवाह, निद्रा से जागे श्री हरि, दिसंबर 2026 तक 81 से ज्यादा मुहूर्त

# छोटी दिवाली : घर-आंगन रंगोली, चूने और चावल के आटे से सजाएं, जगत के पालनहार के जागते ही गूंजेगी शहनाई

**सृष्टि के पालनहार करीब 4 महीने की निद्रा के बाद शनिवार को जाग गए हैं। देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु के आशीर्वाद और माता तुलसी और शालिग्राम के विवाह के साथ मांगलिक कार्यों का दौर भी शुरू हो गया है। देव जागने पर दुर्ग-भिलाई के सभी घरों में छोटी दिवाली मनाई गई। अनेक स्थानों में आज भी तुलसी विवाह और छोटी दिवाली मनाई जायेगी। शनिवार को घरों में विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में घर-आंगन को गोबर से लीपा गया। रंगोली, चूने और चावल के आटे से सजाया गया। दीप जलाकर आतिशबाजी की गई। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार देवउठनी एकादशी पर सृष्टि के पालनहार भगवान विष्णु के शालिग्राम स्वरूप के साथ तुलसी का विवाह कराने पर सभी तरह के कष्टों से मुक्ति मिलती है और भगवान विष्णु का आशीर्वाद प्राप्त होता है। इसके साथ ही अगले 8 महीने यानी जून माह तक शादियों का दौर शुरू हो गया है। इस बार 2026 जून तक 81 से ज्यादा शादियों के मुहूर्त बताए गए हैं। दिसंबर तक 11 विवाह मुहुर्त है।**

**भिलाई।** देवउठनी एकादशी यानी भगवान विष्णु 3 महीने की योग निद्रा के बाद शनिवार को जाग गए हैं। देव उठने के साथ ही शादी के मुहूर्त शुरू हो गए हैं। इसके साथ ही मांगलिक कार्यों की भी शुरुआत हो गई है। सबसे ज्यादा मुहूर्त फरवरी और मार्च में हैं। ज्योतिषाचार्यों और भगवताचार्यों ने बताया कि भगवान विष्णु हर साल आषाढ़ महीने की एकादशी पर सोते हैं और कार्तिक महीने की एकादशी पर जागते हैं। जागने वाली एकादशी को देव प्रबोधिनी कहते हैं। पंडितों का कहना है कि भगवान सोते नहीं, बल्कि योग निद्रा में चले जाते हैं। ये एक तरह का मेडिटेशन होता है। इसे ही आमतौर पर भगवान का सोना कहा जाता है। मान्यता है कि जब भगवान विष्णु शयन करते हैं तब शादियां और गृह प्रवेश जैसे मांगलिक काम नहीं करते। इस दौरान सिर्फ पूजा-पाठ होते हैं। भगवान के जागने के बाद ही मांगलिक कार्यों के लिए मुहूर्त शुरू होते हैं। पंडितों की मानें तो अगले 8 महीने में 2025 नवंबर में 21,22,23,24,24, 29,30 तक 7 दिन, दिसंबर में 1, 4, 5, 6 तक 4 दिन रहेहा। 2026 फरवरी में 4, 5, 6, 7, 8, 10, 11, 12, 13, 14, 15, 16 तक 12 दिन, मार्च में 3 से लेकर 14 तक 12 दिन, अप्रैल में 15, 20,21,25 - 30 से तक 9 दिन, मई में 11 दिन जून में 12 दिन शुभ मुहूर्त हैं। इन तारीखों को विवाह काफी शुभमाना गया है।



### देव के निद्रा में रहते भगवान शिव ने संभाली सृष्टि

ऐसी मान्यता है कि चार माह विश्राम के बाद कार्तिक शुक्ल एकादशी पर मगवान विष्णु जाग गए हैं। आषाढ़ मास की देवशयनी एकादशी से कार्तिक मास की देवउठनी एकादशी तक चार महीने भगवान विष्णु विश्राम करते हैं। इस दौरान सृष्टि का संचालन भगवान शिव करते हैं। देवउठनी एकादशी पर तुलसी और शालिग्राम का विवाह कराने की भी परंपरा है। देवशयनी एकादशी से विवाह, गृह प्रवेश, मुंडन, जनेऊ जैसे संस्कारों के लिए शुभ मुहूर्त मिलना शुरू हो जाते है। जब विष्णु विश्राम करते हैं, तब इन संस्कारों के लिए शुभ मुहूर्त नहीं रहते हैं, अब विष्णु के निद्रा से जागने बाद सभी शुम काग फिर से शुरू हो जाएगे।

### आज द्वादशी युक्त एकादशी पर रहेंगे व्रत और करेंगे पूजा

जानकारों का कहना है कि त्यौहारों में वार नही माना जाता, यानी कि किसी विशेष पर्व या त्यौहारों पर दिन या कोई वार का विशेष प्रलभान नही माना जाता। रविवार को भी तुलसी विवाह बिना शंका के किया जा सकता है। इन दिन बास तुलसी पत्र तोड़ना वर्जित माना गया है। मान्यता है कि इस देव उठनी एकादशी से पूर्णिमा तक तुलसी विवाह किया जा सकता है।

### श्री हरि को शंखनाद कर जगाया

हिंदू पंचाग के अनुसार हर वर्ष कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी, जिसे देवउठनी देवोत्थाम और देवप्रबोधिनी के नार से जाना जाता है। इस अवसर पर घरों के आआंगन में तुलसी विवाह रचाया गया। इस दिन सुबह से ही बाजारों में रौनक दिखाई दो। लोग पूजा के सामान आदि खरीदते दिखे और शाम को आंगन लीपकर घरों में तुलसी चौरा को गल्को से मंडप बनाकर सजाया। फिर श्री हरि विष्णु को घंटी बजाकर शंखार और मंगलगीत माकर जगाया गया। माता को श्रृंगार का सामन अर्पित कर चुनरी ओढ़ाई फिर शालिग्राम के साथ फेरे क विवाह संपन्न कराया गया। हिंदू धर्म के अनुसार सृष्टी के पालनहार श्रीहरि भगवान विष्णु देवउठनी एकादशी पर महीने की अपनी योगनिद्रा से जागते हैं। भगवान विष्णु र जागने पर इस दिन तुलसी विवाह किया जाता है। भगवान के शालिग्राम स्वरूप संग तुलसी विवाह विधि-विधान के सब किया गया।

## सिटी इवेंट

### माइक्रो उद्यमियों और स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाने पर दिया गया बल



**भिलाई।** कृषि विकास सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा धनौरा दुर्ग में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय एमएसएमई की रैंप योजना के अन्तर्गत एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सीएसआईडीसी रायपुर के सहयोग एवं टीएसजी कृषि विकास सहकारी समिति लिमिटेड द्वारा संचालित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के माइक्रो उद्यमियों एवं स्वयं सहायता समूहों को सशक्त बनाते हुए उन्हें उद्यमिता विकास, वित्तीय प्रबंधन एवं बाजार से जुड़ाव के लिए मार्गदर्शन प्रदान करना था।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. एस. के. सिंह, महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र दुर्ग रहे। उन्होंने अपने सम्बोधन में रैंप योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए लघु उद्यमियों एवं एसएचजी सदस्यों को आत्मनिर्भर उद्यम स्थापित करने के लिए प्रेरित किया।वित्तीय साक्षरता विषय पर अंशु गोयल जिला विकास प्रबंधक दुर्ग ने सहभागियों को वित्त प्रबंधन एवं बैंकिंग सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की। वहीं वैभव कुमार सहायक निदेशक ने मूल्य संवर्धन एवं बाजार संपर्क के माध्यम से उद्यम विकास के उपाय प्रस्तुत किए।

इस अवसर पर अथर्व कॉलेज धनौरा की डॉ. भारती साहू ने स्वयं सहायता समूहों में कानूनी अनुपालन एवं संगठनात्मक ज़िम्मेदारियों की अहम भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में आयोजक संस्था कृषि विकास सहकारी समिति लिमिटेड की ओर से चेनाराम जाट और शक्ति सिंह ने रैंप योजना के लाभों के बारे में विस्तार से बताते हुए स्थानीय उद्यमियों को उद्यम स्थापना एवं विस्तार की दिशा में सशक्त बनने के लिए प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम में क्षेत्र के कई स्व-सहायता समूहों की महिलाएं, माइक्रो उद्यमी एवं ग्रामीण प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

- धनौरा में रैंप योजना अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम संपन्न

### डीएवी स्पोर्ट्स 2025 का समापन समारोह आज

**भिलाई।** डीएवी स्कूल छत्तीसगढ़ के डीएवी स्पोट्स 2025 का समापन समारोह हुडको में 2 नवंबर को दोपहर 3 बजे से आयोजित है। इसमें डीएवी स्कूल के अलग-अलग जिलों से जिलों से 553 बालक एवं 374 बालिका कुल 927 विद्यार्थी शामिल होंगे।

## बेटियां खेल में बढ़ रहीं आगे, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर करेंगी भारत का प्रतिनिधित्व

**भिलाई।** बीसीसीआई द्वारा आयोजित अंडर-19 महिला क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन पूरे देश में किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत छत्तीसगढ़ में विभिन्न राज्यों की कुल 6 टीमें भाग ले रही हैं। भिलाई के बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड में उड़ीसा और गुजरात की टीमों के बीच रोमांचक मुकाबला खेला गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में दुर्ग सांसद विजय बघेल उपस्थित रहे। उन्होंने दोनों टीमों की खिलाड़ियों से भेंट कर उनका हौसला बढ़ाया और विजेता टीम को बधाई दी।

सांसद विजय बघेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह हमारे लिए गर्व की बात है कि देश की बेटियां खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं। आने वाले समय में यही खिलाड़ी भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का नाम रोशन करेंगी। सासंद बघेल ने बताया कि अपने युवावस्था में कबड्डी खेल में मध्यप्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीता था। खेल हमें अनुशासन, परिश्रम और समर्पण का पाठ सिखाता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को निरंतर कड़ी मेहनत और अभ्यास के माध्यम से आगे बढ़ने की प्रेरणा दी ताकि वे भविष्य में अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। इस अवसर पर सीएससीएस के अंडर-16 के आधिकारिक सेलेक्टर परमजीत सिंह और आधिकारिक अंपायर हरप्रीत सिंह ने भी सांसद का बीएसपी क्रिकेट ग्राउंड में स्वागत किया। यह प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ क्रिकेट संघ के तत्वावधान में संपन्न हो रही है और आने वाले दिनों में अन्य राज्यों की टीमें भी यहां अपने मैच खेलेंगी।



## भिलाई सेक्टर-2 में 5 को मनाई जाएगी देव दीपावली, जगमगाएंगे 51 हजार दीप



**भिलाई।** कार्तिक पूर्णिमा का पर्व 5 नवंवबर को सभी स्थानों में देव दीपावली के रुप में मनाया जाएगा। इसी कड़ी में शहर के सेक्टर-2 सड़क-2 में श्री देव दीपावली महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। सिद्धश्री निकंदनराज दरबार भिलाई के तत्वावधान में यह आयोजन किया जाएगा। है। 2 नवंबर से यह महोत्सव शुरू हो रहा है, जो 6 नवंबर तक चलेगा। आयोजिका रीता पुरी गोस्वामी ने बताया कि 5 नवंबर को 51000 दीये जलाए जाएंगे। इसकी तैयारी शुरू हो गई है। 2 नवंबर से महोत्सव शुरू हो जाएगा, जो 6 नवंबर तक रहेगा। यह आयोजन का 18वां वर्ष है। 2 नवंबर को मंदिर परिसर में रूद्राभिषेक होगा। 3 नवंबर को महामृत्युंजय यज्ञ होग। 4 नवंबर को सुंदरकांड शाम 5 बजे से प्रारम्भ होगा। वहीं 5 नवंबर को शाम 7 बजे से दीप प्रज्वलन होगा। इस अवसर पर शाम 8 बजे से विशाल भंडारा का भी आयोजन किया गया है। 6 नवंबर को शाम 5 बजे से अनुष्ठान की पूर्णाहुति दी जायेगी। जिसके बाद कार्यक्रम का समापन किया जाएगा।

### हिंदू मिलन मंदिर में कत्थक तरंग तीन दिवसीय कार्यशाला के दूसरे दिन दिखा उत्साह

## परमेलु परन, शिव डोडा, लड़ी और कृष्ण कविता का किया अभ्यास भाव, लय, ताल और नृत्य साधना की बारिकियों को समझा

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस के रजत जयंती वर्ष के अवसर पर तेहाइ डांस एकेडमी भिलाई द्वारा आयोजित तीन दिवसीय सांस्कृतिक उत्सव "कत्थक तरंग" के दूसरे दिन सुर, ताल और लय की सुंदर साधना से सराबोर रहा। इस दौरान घुंघरुओं की आवाज और तबले की थाप से परिसर गूंज उठा। प्रशिक्षाणर्थियों को कत्थक नृत्य की विविध विधाओं परमेलु परन, शिव डोडा, लड़ी एवं कृष्ण कविता का अभ्यास कराया। लय, ताल और भावों की इस संगत ने पूरे वातावरण को संगीतमय बना दिया।

हिंदू मिलन मंदिर रिसाली में आयोजित कार्यक्रम में कला साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ और सेल–भिलाई इस्पात संयंत्र के सहयोग द्वारा किया जा रहा है। नृत्य कार्यशाला के दूसरे दिन की शुरुआत दीप प्रज्वलन कर की गई। इस दौरान अंतरराष्ट्रीय कत्थक नृत्यांगना और गुरु देवश्री मुखर्जी कोलकाता, नृत्यांगना देबाद्रिता मुखर्जी और अमृता सान्याल द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। सुब्रत बैद्य, तुहिनाद्री सन्याल और बबलू विस्वास ने दीप प्रज्वलन मंत्र का उच्चारण किया। सभी ने कार्यशाला की शुरुआत में दीप प्रज्वलन के मंत्र का उच्चारण और अर्थ बताते हुए कहा कि यह मंगल दीप केवल प्रकाश का प्रतीक नहीं, बल्कि ज्ञान, ऊर्जा और सृजनशीलता का भी प्रतीक है। दीप की ज्योति के माध्यम से अज्ञान रूपी अंधकार को मिटाकर कला और ज्ञान का आलोक फैलाने का संकल्प लिया गया।





### समापन आज

तीन दिवसीय आयोजन का आज समापन होगा। रविवार की शाम 7 बजे से महात्मा गांधी कला मंदिर में कत्थक तरंग त्रिदिवसीय कार्यशाला के समापन कार्यक्रम में ऑफिसर एसोसिऐसन के अद्धयक्ष नरेंद्र बंछोर उपस्थित रहेंगे। यह आयोजन सभी कलाकारों और दर्शकों के लिए प्रवेश निःशुल्क रहेगा।

### कत्थक की विविध विधाओं का कराया अभ्यास

शनिवार को कार्यशाला में गुरु देवश्री मुखर्जी ने विद्यार्थियों को कत्थक नृत्य की विविध विधाओं — परमेलु परन, शिव डोडा, लड़ी एवं कृष्ण कविता का अभ्यास कराया। प्रतिभागियों ने लय, ताल और भावाभिव्यक्ति के सूक्ष्म आयामों को समझते हुए गुरू की नृत्य साधना में सहभागिता निभाई। कार्यक्रम का संचालन स्वाति सेनगुप्ता ने किया। संपूर्ण व्यवस्थाओं में बबलू बिस्वास, शुभ्रा चक्रवर्ती, सोमा देव, संगीता सोनपिपरे और सोमा साहू का विशेष योगदान रहा। आयोजन समिति के शांतनु दासगुप्ता ने बताया कि कार्यशाला का उद्धेश्य केवल नृत्य सिखाना नहीं, बल्कि प्रतिभागियों में भारतीय शास्त्रीय नृत्य परंपरा के प्रति श्रद्धा, अनुशासन और सौंदर्यबोध का विकास करना भी है। "कत्थक तरंग" के दूसरे दिन कला, साधना और गुरु-शिष्य परंपरा की जीवंत अनुभूति बन गया।

## सिटी इवेंट

### इंदिरा ने मजबूत भारत की आधारशिला रखी और विश्व की राजनीति पर अमित छाप छोड़ी



**भिलाई।** भिलाई शहर जिला कांग्रेस सेवा दल एवं ब्लाक कांग्रेस कमेटी 1 के संयुक्त तत्वावधान में कैम्प 2 चटाई क्वार्टर वार्ड 37 में पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न लौह महिला स्वर्गीय इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि एवं लौह पुरुष भारत के प्रथम गृहमंत्री स्व सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया। जिसमें सभी कार्यकर्ताओं ने इंदिरा गांधी एवं सरदार पटेल को नमन करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम के पूर्व राज्य मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी, मुकेश चंद्राकर और पूर्व महापौर नीता लोधी ने इंदिरा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर और बदरुद्दीन कुरैशी ने कहा कि इंदिरा गांधी विश्व शांति का प्रतीक तथा गुट निरपेक्ष आंदोलन की नेता थीं। उन्होंने मजबूत भारत की आधारशिला रखी और विश्व की राजनीति पर अमित छाप छोड़ी। इंदिरा गांधी एक ऐसा ही नाम है, जिन्हें उनके निर्भीक फैसलों और दृढ़निश्चय के लिए जाना जाता है तथा वहीं सरदार पटेल के वर्तमान भारत को एक सूत्र में पिरोने के लिए सदैव याद किया जाएगा। कांग्रेसियों ने सरदार पटेल को भी नमन किया और लौह पुरुष सरदार पटेल के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम का संचालन सेवा दल प्रमुख दिनेश गुप्ता ने किया। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नीता लोधी, जे आर साहू, समय लाल साहू, रामा विश्वकर्मा, नंद कुमार कश्यप, मेरिक सिंह, दिनेश गुप्ता, अनिल सिंह, परविंदर सिंह, राजेश गुप्ता, अब्दुल तहूर पवार, फैयाज दीदार, बलदेव सिंह, नरेश सागर वंसी, लखी नारायण सोनी, मोहम्मद सलीम, कीर्ति सिंह, अंजुम निशा, प्रतिभा, समरलाल लांडेकर, उमाशंकर साहू, मामा, नईम, जवाहर लाल, शोएब अहमद, विजय विशाल, रंजू खोबरागड़े, सोनू सहित अन्य उपस्थित रहे।

■ भारत रत्न लौह महिला स्व इंदिरा गांधी की पुण्य तिथि और लौह पुरुष सरदार पटेल की मनाई जयंती

## धर्म लाइव


### 1008 पार्श्वनाथ भगवान का मंगल अभिषेक, भक्तों ने ध्वज स्थापना



**भिलाई।** सेक्टर-6 स्थित श्री त्रिवेणी जैन तीर्थ में सैकड़ों श्रद्धालुओं की उपस्थिति में श्री 1008 पार्श्वनाथ भगवान का मंगल अभिषेक और सिद्ध चक्र विधान मंडल का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 105 दुर्लभमति माताजी और 105 शशांकमति माताजी के अमृत वचनों ने भक्तों को अध्यात्म और साधना का संदेश दिया। प्रतिष्ठाचार्य पारस जैन की उपस्थिति में भक्तों ने शांति धारा कर पुण्य अर्जित किया। शांति धारा का सौभाग्य प्रियंक जैन, डॉ. जिनेंद्र जैन, सोमेश बाकलीवाल, युग जैन, धर्मेंद्र एवं ज्ञानचंद बाकलीवाल को प्राप्त हुआ। सिद्ध चक्र विधान मंडल पूजन में सोधर्म इंद्र ज्ञानचंद, ललिता देवी बाकलीवाल, महायज्ञ नायक अनिल, उषा जैन, धनपति कुबेर प्रशांत, ममता जैन, ईशान इंद्र डॉ. जिनेंद्र, सुषमा जैन, सनत इंद्र विमल, डॉ. संगीता जैन, महेंद्र इंद्र राकेश, अंजू जैन, यज्ञ नायक रजनी, शिखा जैन एवं वीके, प्रियंका जैन सहित कई श्रद्धालु परिवारों ने भाग लिया। प्रचार-प्रसार प्रभारी प्रदीप जैन बाकलीवाल ने बताया कि 2 नवंबर को सुबह 6 बजे अभिषेक-पूजन के बाद पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में आचार्य 108 विद्यासागर महाराज के अष्टधातु चरण चिन्हों की स्थापना की जाएगी। आज के आयोजन में मैना सुंदरी बनने का सौभाग्य संजय, पुष्पा चतुर को मिला। इंद्र-इंद्राणियों द्वारा जिनेंद्र भगवान के समोसारण में भक्ति भाव से वंदना करते हुए नंदीश्वर दीप में श्रीफल अर्पण किया गया और ध्वजा स्थापित की गई। कार्यक्रम में जैन समाज के सैकड़ों श्रद्धालु, जैन मिलन, जैन ट्रस्ट भिलाई, जैन महिला क्लब और एवीएम दुर्ग-भिलाई के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस अवसर पर महावीर जैन, प्रमोद जैन, भागचंद जैन, कमल जैन, आशीष जैन, निर्मल जैन और आनंद जैन सहित अन्य लोग उपस्थित थे। मंच संचालन प्रशांत जैन ने किया।

## समाज इवेंट

### छत्तीसगढ़ बजरंग दल ने की छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा-अर्चना, निकाली रैली



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर शनिवार को छत्तीसगढ़ बजरंग दल द्वारा अंजोरा प्रखंड में छत्तीसगढ़ महतारी की भव्य पूजा एवं आरती की गई। जिसमें सैकड़ो कार्यकर्ता सम्मिलित हुए। छत्तीसगढ़ बजरंग दल के तत्वावधान में आज प्रदेश के लगभग सभी जिलों अंतर्गत प्रखंडों ग्रामों में छत्तीसगढ़ महतारी की महाआरती का आयोजन किया गया। इस विशेष अवसर पर छत्तीसगढ़ बजरंग दल के सभी कार्यकर्ताओं ने यह संकल्प लिया कि अंजोरा समेत दुर्ग जिले के लगभग हर प्रखंडों में छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा का स्थापना की जायेगी। 1 नवबंर को छत्तीसगढ़ महतारी की महाआरती के दौरान मुख्य रूप से प्रदेश सह संयोजक रवि निगम, विभाग सह संयोजक अजय सेन, जिला अध्यक्ष रवि भारती, ईश्वर गुप्ता, जिला मंत्री इंद्रजीत गोस्वामी, जिला उपाध्यक्ष प्रिंस राजपूत, जिला सह मंत्री हंस राज, रितिक सोनी, जिला सह संयोजक लक्ष्मण यादव, दुर्ग शहर अध्यक्ष जय महेश, जिला सत्संग प्रमुख जनार्दन, पुकेशवर निषाद, ज्ञान चंद आदि उपस्थित थे।

● धनोरा गांव में शिव महापुराण आयोजन की सफलता पर उत्सव

# जप हर-हर-हर भोला, गुरु महादेव ... में झूमे श्रद्धालु छत्तीसगढ़ महतारी की महिमा का किया गया बखान

**भिलाई।** सिहोर से धनोरा गांव के लिए आयोजित ऑनलाइन शिवमहापुराण की सफलता पर आयोजक परिवार ने अनूठी पहल की है। श्रद्धालुओं व ग्रामीणों के लिए महाभंडारे का आयोजन किया साथ ही छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना दिवस की संध्या सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालु जप हर-हर -हर भोला, गुरु महादेव .... में झूम उठे। भंडारे के दौरान मंच पर सांस्कृतिक कार्यक्रम भी लोककलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा था। पूरी प्रस्तुति धार्मिक और छत्तीसगढ़ की संस्कृति से जुड़ी रही। जप हर- हर-हर भोला, गुरु महादेव .... छत्तीसगढ़ी भजन पर मौजूद श्रद्धालुओं में जमकर डांस किया। देवी-देवताओं के जस गीत से माहौल और भी धार्मिक हो गया। राज्य स्थापना दिवस एक नंवबर को लेकर भी लोक कलाकारों ने छत्तीसगढ़ महतारी दाई तोला वंदव ... अरपा पैरी के धार सहित कई गीत व भजन पेश गए। इस भंडारे और सांस्कृतिक प्रस्तुति के पूरे समय तक मंच के एक किनारे शिवमहापुराण आयोजक दामोदर प्रसाद साहू, उनकी पत्नी श्रीमती नंदकुमारी साहू का सम्मान भी चलता रहा।



### हजारों श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया महाप्रसादी



आयोजक परिवार ने अन्नदान सेवा की अनूठी पहल की है। शिवमहापुराण के सफलतापूर्वक आयोजन के मद्देनजर आयोजक दामोदर साहू परिवार ने उत्सव और भंडारा का आयोजन किया। भंडारा में हजारों श्रद्धालुओं ने महाप्रसादी ग्रहण किया। खास बात यह भी रही कि इस भंडारे के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम भी लोक कलाकारों ने पेश किया। कलाकारों ने भगवान भोलेनाथ और छत्तीसगढ़ महतारी से जुड़े भजन व गीत पेश किए।

### शिवमहापुराण भंडारे के लिए जुटाए थे अन्न



धनोरा गांव में शिवमहापुराण की कथा अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले का 25 से 29 अक्टूबर तक आयोजित की गई थी। लगातार बारिश की वजह से पंडाल लग नहीं पाए और प्रशासन ने अनुमति नहीं दी। फलस्वरूप यह कथा सिहोर से ऑनलाइन करवाई गई। आयोजक परिवार दामोदर प्रसाद साहू, ओमप्रकाश साहू, रविकांत साहू, उमेंद साहू के द्वारा यहां से 200 श्रद्धालुओं को स्पेशल बस से सिहोर ले जाया गया और कुबेरेश्वर धाम में की शिवमहापुराण कथा श्रवण करवाया। यह कथा दामोदर प्रसाद साहू ने अपने स्वर्गीय पिता मयाराम साहू, माताद्वय श्रीमती सोनबती साहू व श्रीमती बुधियाबाई साहू की स्मृति में रखी। शिवमहापुराण कथा आयोजन की तैयारी जब चली तो साहू परिवार ने कथा सुनने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के भोजन भंडारे के लिए अन्न एकत्र कर रखे थे। सिहोर से आने के बाद दामोदर प्रसाद साहू ने भले की कथा गांव में न हो पाई लेकिन भंडारा आयोजित कर ग्रामीण सहित श्रद्धालुओं को भंडारे में आमंत्रित किया।

### छत्तीसगढ़ के इतिहास में धनोरा गांव दर्ज



भंडारा व उत्सव कार्यक्रम के दौरान गांव की सरपंच रूलेश्वरी चंद्रशेखर बंजारे सहित प्रबुद्धजनों ने कहा कि शिवमहापुराण कथा के आयोजन के बाद हमारा धनोरा गांव छत्तीसगढ़ के इतिहास में दर्ज हो गया है। पहले हमारे छोटे से गांव को कोई जानता नहीं था लेकिन दामोदर भईया ने शिवमहापुराण कथा आयोजित करवाकर इसे प्रसिद्धि दिलवा दी। अंतर्राष्ट्रीय कथावाचक पं. प्रदीप मिश्रा ने पांच दिवसीय कथा में कहा कि यह धनोरा गांव वालों का भाग्य बहुत प्रबल है कि कथा दामोदर मास यानी कार्तिक मास में दामोदर प्रसाद साहू करवा रहे हैं। ग्रामीणों ने आयोजक साहू परिवार की सराहना की और उन्हे धन्यवाद ज्ञापित किया। सहज व सरल भाव के धनी बीएसपी के वाटर मैनेजमेंट से सीनियर टेक्नीशियन पद से रिटायर दामोदर प्रसाद साहू ने कथा में प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग करने वालों को इसका श्रेय दिया।

## सीएसवीटीयू में फुटबाल प्रतियोगिता

### राज्यस्तरीय फुटबॉल पुरुष वर्ग प्रतियोगिता में तकनीकी एवं फार्मेसी की टीमों ने लिया हिस्सा

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय भिलाई के तत्वावधान में आयोजित राज्यस्तरीय फुटबॉल पुरुष वर्ग प्रतियोगिता का आयोजन रायपुर में किया गया। इस प्रतियोगिता में राज्यभर के विभिन्न तकनीकी एवं फार्मेसी संस्थानों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोविंद अग्रवाल उपस्थित थे। उन्होंने उद्घाटन सत्र में खिलाड़ियों को कहा कि खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, टीम भावना और नेतृत्व का प्रतीक हैं। सीएसवीटीयू द्वारा युवाओं को खेलों के माध्यम से जो अवसर प्रदान किए जा रहे हैं, वे राज्य के तकनीकी विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में मील का पत्थर साबित होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता विश्वविद्यालय खेल निदेशक किशोर कुमार भारद्वाज ने की। उन्होंने कहा कि फुटबॉल एक ऐसा खेल है जो त्वरित निर्णय, समन्वय और शारीरिक फिटनेस को विकसित करता है। खिलाड़ियों में जो जोश और अनुशासन देखा गया, वह विश्वविद्यालय के लिए गर्व की बात है। प्रतियोगिता के पर्यवेक्षक वरिष्ठ खेल अधिकारी कोंडल राव और विश्वविद्यालय टीम चयनकर्ता कोच अमन कुमार प्रसाद एवं रविन्द्र सिंह शामिल रहे। फाइनल मुकाबले में एसएसआईपीएमटी रायपुर और झाड़ा सिरसा जीईसी जगदलपुर आमने-सामने हुईं, जिसमें शानदार खेल प्रदर्शन करते हुए झाड़ा सिरसा जीईसी जगदलपुर ने खिताब अपने नाम किया। समापन समारोह में विजेता व उपविजेता टीमों को अतिथियों दवरा ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया गया। अंत में विश्वविद्यालय चयन समिति द्वारा सीएसवीटीयू विश्वविद्यालय टीम के लिए ओमकार जीईसी जगदलपुर, अर्पित एसएसआईपीएमटी रायपुर, अर्पित राय बीआईटी दुर्ग, मोनू दास शा.पॉली.महा. बालोद, आयुष सार्वा बीआईटी दुर्ग, आईसेक सीसीईटी भिलाई, पुष्कर एसएसटीसी भिलाई, वालेश्वर आरएसआर आर 2 भिलाई, कुणाल जीईसी रायपुर, डेनियल रूंगटा फार्मेसी आर1 भिलाई, भुवन आरसीईटी भिलाई आर1, धीरज रूंगटा फार्मेसी आर 1 भिलाई का विवि टीम के लिए 24 खिलाड़ी का चयन किया गया है। जिनमें से प्रशिक्षण शिविर के बाद 18 खिलाड़ी आगामी अखिल भारतीय एवं पूर्वी क्षेत्रीय अंतर-विश्वविद्यालय प्रतियोगिताओं में विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे।



## कार्यक्रम

### छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना दिवस पर की गई पूजा-अर्चना



**भिलाई।** छत्तीसगढ़ राज्य के स्थापना दिवस के रजत जयंती के उपलक्ष्य पर छत्तीसगढ़ उड़ान की महिला टीम छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना कर आरती उतारी तथा महतारी से आशीर्वाद प्राप्त किया। छत्तीसगढ़ उड़ान संस्था विगत 6 वर्षों से हमेशा से महिलाओं के हित में कार्य करती आ रही है। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना संस्था का मूल उद्देश्य है और समय-समय पर छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन भी संस्था के द्वारा किया जाता है। छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा में निधि चन्द्राकर, अनिता वर्मा, दिपाली मिश्रा, गायत्री साहू, शशि चंद्राकर, कल्पना, पिंकी, प्रमिला, अनिता विशेष रूप से सम्मिलित थे।

**महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना संस्था का मूल उद्देश्य**

## बैंक कर्मियों ने भ्रष्टाचार के खिलाफ ली शपथ

# ईमानदारी और पारदर्शिता बनाए रखने ली शपथ, बैंकिंग फ्राड से बचने नागरिकों को किया जागरूक, निकाली रैली

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** केंद्रीय सतर्कता आयोग के निर्देश पर देशभर में सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को दुर्ग जिले में यूको बैंकों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने रैली निकालते हुए भ्रष्टाचार के खिलाफ शपथ ली और लगातार बढ़ रहे बैंकिंग फ्राड से बचने आम जनता को जागरूक भी किया। यूको बैंक भिलाई सेक्टर-1, सिविक सेंटर, नेहरू नगर, कोहका, मरोदा, चरोदा, सिरसा, दुर्ग आदि शाखाओं के ब्रांच मैनेजर व कर्मचारियों ने ईमानदारी और पारदर्शिता बनाए रखने की शपथ ली। सभी सेक्टर-1 में एकत्रित हुए जहां से लोगों को भ्रष्टाचार के प्रति जागरूक करने रैली निकालते हुए सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी का संदेश दिया गया।




### सुरक्षा को लेकर सामूहिक जिम्मेवारी हर किसी को समझनी होगी : सुभाष कुमार



सेक्टर-1 ब्रांच के चीफ मैनेजर सुभाष कुमार ने कहा कि जनता का भरोसा कायम रखना बैंककर्मियों की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सप्ताह भर चलने वाले इस अभियान के दौरान कर्मचारियों को नैतिक मूल्यों, जवाबदेही और सेवा भावना को प्राथमिकता देने का संकल्प दिलाया गया। इसके साथ ही ग्राहकों को भी जागरूक किया जा रहा है कि वे किसी भी प्रकार के भ्रष्टाचार के मामले की सूचना तुरंत बैंक प्रबंधन को दें। उन्होंने बताया कि इस वर्ष आयोजन का थीम सतर्कता हमारी साझा जिम्मेदारी है। सुविधा और सुरक्षा को लेकर सामूहिक जिम्मवारी हर किसी को समझनी होगी। जो जहां हैं वहीं अपने कर्तव्य का बखूबी निर्वहन करें।

### कार्यक्रम में यह रहे मौजूद

कार्यक्रम में सेक्टर-1 ब्रांच के चीफ मैनेजर सुभाष कुमार, आईएलएच स्वागतम दास, सौम्या रंजन ब्रांच हेड सिविक सेंटर, विवेक आनंद ब्रांच हेड चरोदा, अमित कुमार साहू ब्रांच हेड ट्रई जंक्शन, विकास कुमार ब्रांच हेड बीआईटी दुर्ग, प्रीति ब्रांच हेड शासकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज दुर्ग, जयारधन होता ब्रांच हेड मरोदा, सुधीर ब्रांच हेड नेहरू नगर, विजय ब्रांच हेड कोहका, प्रतीक ब्रांच हेड सिरसा सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी मौजूद थे।

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## 'बीइंग एडी' डॉक्यूमेंट्री का ट्रेलर रिलीज, एडी मर्फी की शानदार एक्टिंग जर्नी की मिली झलक



नेटफ्लिक्स ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर डॉक्यूमेंट्री 'बीइंग एडी' का ट्रेलर जारी किया। इस वीडियो पोस्ट के साथ एक कैप्शन भी साझा किया गया है। जिसमें लिखा है, 'वास्तविक और बेबाक।' इस डॉक्यूमेंट्री के जरिए एक्टर एडी मर्फी की पूरी करियर जर्नी को, एचीवमेंट्स को समेटा गया है। 'बीइंग एडी' का प्रीमियर 12 नवंबर को नेटफ्लिक्स पर होगा।'बीइंग एडी' डॉक्यूमेंट्री के ट्रेलर में एडी मर्फी के शुरुआती करियर से लेकर अब तक की एक्टिंग जर्नी को दिखाया गया। ट्रेलर में कई नामी एक्टर, डायरेक्टर, सिंगर भी नजर आए, जो एडी मर्फी के बारे में कई बातें साझा करते दिखे। साथ ही एडी अपनी जुबानी भी कई बातें बताते हुए नजर आए। इस डॉक्यूमेंट्री को दो एकेडमी अवॉर्ड जीतने वाले डायरेक्टर एंगस वॉल ने बनाया है। पिछले दिनों उन्होंने बताया था कि एडी मर्फी ने अपने चालीस साल के करियर में कई किरदार निभाए। पहली बार वह खुद के किरदार में दिखेंगे।

### टॉलीवुड

## मोहनलाल के बेटे की फिल्म 'डाइस इरा' को दर्शकों ने बताया करियर बेस्ट



मलयालम अभिनेता प्रणव मोहनलाल की हॉरर फिल्म 'डाइस इरा' आज शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस फिल्म को देख नेटिजंस एक्स पर प्रतिक्रियाएं दे रहे हैं। राहुल सदाशिवन द्वारा निर्देशित मलयालम फिल्म 'डाइस इरा'31 अक्तूबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। इस हॉरर फिल्म की कहानी और प्रणव मोहनलाल का अभिनय दर्शकों को प्रभावित कर रही है। फिल्म को देख नेटिजंस एक्स पर इसे मास्टरपीस फिल्म बता रहे हैं। साउथ अभिनेता प्रणव मोहनलाल, जो सुपरस्टार मोहनलाल के बेटे हैं। उनकी फिल्म 'डाइस इरा' को दर्शकों द्वारा पसंद की जा रही है। एक यूजर ने इसे मास्टपीस बताया। इसके अलावा एक यूजर ने प्रणव मोहनलाल की इसे सबसे अच्छी फिल्मों में से एक बताया। फिल्म 'डाइस इरा' का निर्माण चक्रवर्ती रामचंद्र और एस शशिकांत ने नाइट शिफ्ट स्टूडियो और वाईएनओटी स्टूडियो के तहत किया है। आपको बता दें कि यह फिल्म थिएटर्स में मलयालम भाषा में रिलीज हुई है।

### भोजपुरी

## धनश्री ने गुलाबी साड़ी-माथे पर बिंदी लगाए दिया संस्कारी लुक



डांसर और कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें धनश्री पिंक कलर की साड़ी पहने दिख रही हैं। इसे देख यूजर्स भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह का जिक्र कर रहे हैं। बीते दिनों धनश्री वर्मा रियलिटी शो राइज एंड फॉल से काफी चर्चाओं में रही थीं। आज वो एक बार फिर से सुर्खियों में आ गई हैं। उनका एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है, जिसमें वो गुलाबी रंग की साड़ी पहने दिख रही हैं। नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं, जिसमें वो भोजपुरी अभिनेता को इसके लिए जिम्मेदार मान रहे हैं।
डांसर-कोरियोग्राफर धनश्री वर्मा दादासाहेब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड में पिंक कलर की साड़ी पहने सज- संवरकर पहुंची। इसमें उन्हें माथे पर बिंदी लगाए भी देखा गया। धनश्री का ये वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। धनश्री वर्मा का साड़ी पहने वीडियो सामने आते ही लोग भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह का जिक्र कर रहे हैं। आपको बताते चलें कि राइज एंड फॉल शो में पवन सिंह और धनश्री बतौर प्रतियोगी नजर आए थे। इस दौरान अभिनेता ने धनश्री से साड़ी पहनने के लिए कहा था। इतना ही नहीं उन्होंने इस शो के फाइनल में आकर धनश्री को एक साड़ी भी गिफ्ट की थी और इसे पहनने लिए कहा था। इसी वजह से डांसर का ये साड़ी लुक देख फैंस पवन सिंह का जिक्र कर रहे हैं। इस वीडियो पर नेटिजंस की प्रतिक्रियाएं सामने आ रही हैं। एक यूजर ने कहा, 'पवन सिंह का ये डिमांड था, तो पूरा करना तो बनता था।' दूसरे यूजर ने कमेंट सेक्शन में लिखा, 'पवन भैया की फरमाइश पूरी हो गई।' एक और नेटिजंस ने लिखा, 'पवन भैया ने गिफ्ट की है।' इसके अलावा एक अन्य यूजर ने कहा कि कितनी सुंदर लग रही हैं वो इस साड़ी में।




## कूल परफेक्ट

ठंड के दिनों में रनवे पर टार्टन, चेक, प्लेड और ट्वीड की भरमार हो तो मान लेना चाहिए कि डिजाइनर को मौसम का आभास है। इस मौसम में वाकई ये ड्रेस परफेक्ट हैं। साधारण ठाठ वाली मैक्सी ड्रेसेस में हो या दूसरी डिजाइन, सभी को दर्शकों ने हाथों-हाथ लिया। हम प्लीटेड स्कर्ट या फलालैन शर्ट देखने के ज़्यादा आदी हैं।

## चाहिए तत्काल ग्लो तो घर पर ऐसे तैयार करें ब्लीच




हर कोई ये चाहता है कि उसकी त्वचा हमेशा खिली-खिली रहे, इसके लिए लोग मौसम बदलने के समय तरह-तरह के स्किन केयर ट्रीटमेंट लेते हैं। अक्सर इंस्टेंट ग्लो पाने के लिए महिलाएं ब्लीच का इस्तेमाल करती हैं। अगर आपको भी बाजार में मिलने वाले ब्लीच से डर लगता है तो आप घर पर ही इन चीजों का इस्तेमाल करके इंस्टेंट ग्लो पा सकती हैं। इसके लिए दो चम्मच ओट्स के पाउडर में आप दही और नींबू का रस मिलाकर पैक तैयार कर सकती हैं।
इससे आपके चेहरे की कई परेशानियां दूर हो सकती हैं। इस पैक को तकरीबन बीस मिनट के लिए आपको चेहरे पर लगाना है, तभी जाकर आपको इसका फायदा मिलेगा। दो चम्मच शहद में अगर आप तीन से चार बूंद नींबू का रस डालकर इसका पैक तैयार करेंगी तो ये एक केमिकल रहित ब्लीच की तरह की काम करेगा। मसूर की दाल को रात भर भिगो कर रख लें।
इसके बाद सुबह इसको पीसकर इसमें नींबू का रस मिलाएं। हफ्ते में दो बार इसके इस्तेमाल से आपको नेचुरल ग्लो मिलेगा। पपीते के टुकड़े में नींबू का रस डालकर इससे चेहरे की मसाज करें। मसाज के दस से 15 मिनट बाद आप चेहरा धो लें। इससे आपको जरूर फायदा मिलेगा। संतरे के छिलके में पाए जाने वाले तत्व त्वचा की कई परेशानियों को दूर करते हैं। इसके इस्तेमाल के लिए आपको बस संतरे के छिलके का पाउडर बनाकर इसमें शहद और दूध मिलाना है। इस पैक को आप हफ्ते में दो बार लगा सकते हैं।

## फैशन के इन नए रंग और ढंग में सुंदर लगेगी दुल्हन



दीपावली के तुरंत बाद अब शादियों का सीजन दस्तक दे रहा है और उससे पहले आपको जानना जरूरी है कि इस वर्ष ब्राइडल फैशन आपको क्या नए विकल्प देखने को मिलेंगे।

### ब्राइडल आउटफिट्स के कलर



ब्राइडल आउटफिट्स में पहले लाल, गुलाबी, नारंगी, पीले आदि रंग को ट्रेडिशनल माना जाता था। वहीं अब व्हाइट, आइवरी, बेज आदि रंग भी ब्राइड्स को काफी लुभा रहे हैं, लेकिन अब ग्रे, ग्रीन, स्काई ब्लू आदि रंग भी ब्राइडल आउटफिट्स में खूब जच रहे हैं। फैशन डिजाइनर मनीष मल्होत्रा ने भी अपने 2025-2026 ब्राइडल कलेक्शन में ग्रे कलर का काफी ग्रेसफुली प्रयोग किया है। साथ ही गोल्डन कलर के एंब्रॉयडरी वाले लहंगे भी आने वाले वक्त में ट्रेंड में नजर आएंगे। लाल रंग को भी ब्राइडल आउटफिट्स में काफी देखा जा रहा है और मॉर्डन एंब्रॉयडरी के साथ यह रंग काफी अच्छा तालमेल बैठा रहा है। अगर बॉलीवुड फिल्मों की बात की जाए तो हालही में आई 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में आलिया द्वारा पहले गए ऑरेंज लहंगे को भी युवतियों के मध्य काफी पसंद किया गया है। इस तरह के लहंगे में आपको बाजार में काफी वैरायटी देखने को मिल जाएगी। आप इसे ऑर्डर पर तैयार भी करा सकती हैं।

### ब्राइडल आउटफिट्स को सजा रही हैं ये एम्ब्रॉयडरी


ब्राइडल आउटफिट्स पर अब ट्रेडिशनल सलमा-सितारों वाली एंब्रॉयडरी नहीं की जाती है। अब इसमें भी मॉडर्न टच दिया जा रहा है। इसके लिए मिरर और स्वरोस्की वर्क को इंडियन डिजाइनर कुछ ज्यादा ही तवज्जो दे रहे हैं और भला दे भी क्यों नहीं, ब्राइडल आउटफिट्स को रॉयल लुक देने में इन दोनों का बड़ा हाथ है।
फैशन डिजाइनर अबू जानी और संदीप खोसला की जोड़ी भी इस पर काफी डीप वर्क कर रही है। उनके तैयार किए गए ब्राइडल आउटफिट्स में आपको मिरर एंब्रॉयडरी और स्वरोस्की वर्क बखूबी देखने को मिलेगा। इसके साथ ही गोल्ड और सिल्वर थ्रेड वर्क भी इस वक्त काफी चलन में है। यह आउटफिट को हैवी लुक देता है मगर वास्तव में उनका वजन काफी कम होता है।

## यंगर लुक पाने अपनाएं ये हेयरस्टाइलिंग टिप्स



जब भी हम खुद को स्टाइल करती हैं तो ऐसे में अपने हेयरस्टाइल पर भी उतना ही ध्यान देती हैं। अमूमन हम एक ही तरह के हेयरस्टाइल बनाना पसंद करती हैं। लेकिन ऐसा करने से आपका लुक बोरिंग लगता है। साथ ही साथ, कई हेयरस्टाइल्स ऐसे होते हैं, जो देखने में तो अच्छे लगते हैं, लेकिन इससे आपकी उम्र अधिक लगने लगती है। इसलिए, यह बेहद जरूरी है कि हम अपने हेयरस्टाइल पर खासतौर पर ध्यान दें। ऐसे कई हेयरस्टाइलिंग टिप्स होते हैं, जो आपको यंगर लुक देते हैं। हालांकि, अधिकतर लोगों को इन टिप्स के बारे में पता ही नहीं होता है। अगर आपको ऐसा लगता है कि आपका लुक काफी बोरिंग हो गया है तो ऐसे में अपने लुक में चेंज करने के लिए और एक यंगर लुक पाने के लिए आप हेयरकट करवा सकती हैं। कोशिश करें कि आप ऐसा हेयरकट करवाएं, जो आपके फेस शेप के अनुसार हो, जिससे आपका लुक यंगर नजर आए। अगर आप ऐसा हेयरस्टाइल बनाना चाहती हैं, जो आपको यंगर लुक दे तो ऐसे में बैंग्स या फ्रिंज बनाएं। इन दिनों मार्केट में फेक बैंग्स मिलते हैं। आप इन्हें अपने रियल हेयर से भी बना सकती हैं। बैंग्स माथे की झुर्रियों को छिपाने के साथ-साथ एक यंगर लुक देते हैं। आजकल मार्केट में कई बेहतरीन व कलरफुल हेयर एसेसरीज जैसे हेडबैंड, क्लिप या स्कार्फ आदि मिलते हैं। जब आप हेयरस्टाइल बनाती हैं तो इन हेयर एसेसरीज को जरूर इस्तेमाल करें।

## अपनी स्किन के हिसाब से चुनें साड़ी का सही रंग



जब भी हम साड़ी खरीदने जाते हैं तो इसके लिए साड़ी डिजाइन और कलर का ध्यान रखते हैं। लेकिन सबसे ज्यादा जरूरी है कि हम स्किन टोन का भी ध्यान रखें। क्योंकि कई सारे कलर ऐसे होते हैं जो हर एक स्किन टोन पर सूट नहीं करते हैं। इसलिए जब भी साड़ी खरीदें तो इस बात का ध्यान रखना आपके लिए बेहद जरूरी है। इससे आपकी स्किन भी अच्छी रहेगी साथ ही आप खूबसूरत नजर आएंगी।

### डार्क कलर साड़ी

अगर आप डार्क कलर साड़ी पहनना पसंद करती हैं तो ये बात आपके लिए जानना जरूरी है कि इस तरीके की साड़ी ब्राइट स्किन की लड़कियों पर काफी अच्छी लगती हैं। इसमें आप डार्क ब्लैक, ब्लू और ब्राउन शेड चूज कर सकती हैं। इस बात का ध्यान रखें की आप चाहे तो बेज कलर वाली साड़ी भी स्टाइल कर सकती हैं। इसके लिए आपको ऑनलाइन और मार्केट दोनों में ऑप्शन मिल जाएंगे। साड़ी के अलग-अलग कलर आप डिफरेंट फैब्रिक के साथ वियर कर सकती हैं। इसमें आपको कई सारे अलग पैटर्न भी मिल जाएंगे।

### डबल शेड साड़ी

कई सारी लड़कियां होती हैं जिन्हें डबल शेड साड़ी पहनना काफी पसंद होता है। लेकिन इस तरीके की साड़ी (साड़ी में दिखे लंबी) गेहूं कलर वाली लड़कियों पर अच्छी लगती हैं। इसमें दोनों कलर इक्वल होता है। इसलिए इसमे स्किन टोन न ही डार्क नजर आता है और न ही लाइट दिखाई देता है। ऐसे में अगर आपका स्किन टोन भी ऐसा है तो ये साड़ी कलर आपके लिए परफेक्ट हैं। इसमें आप दिखेंगी भी खूबसूरत और सबसे अलग नजर आएंगी।

### साड़ी खरीदते वक्त इन बातों का रखें ध्यान

इसके लिए आपको फेब्रिक का खास ध्यान रखना होगा। साड़ी की लेंथ का भी ध्यान रखें। इस बात का ध्यान रखें की साड़ी खरीदते वक्त उसके डिजाइन का ध्यान रखें। साड़ी खरीदते वक्त अपने स्किन टोन (सिंपल साड़ी डिजाइन) का खास ध्यान रखें। ऐसे और भी कई सारी चीजें होती हैं जिनका खास ध्यान रखना पड़ता है।

**कार्नर न्यूज**

### अपनी रोजमर्रा की आदतों में शामिल कर आप अपनी स्किन को बना सकते हैं जवां

## ठंड दस्तक दे रही, इस मौसम में स्किन को हेल्दी और ग्लोइंग बनाएं रखने उठाएं जरूरी कदम

भारतीय पुरुष आमतौर पर सजने-संवरने की बात बहुत ही हल्के में लेते हैं। वे शायद ही अपनी त्वचा पर कोई ध्यान देते हैं, और अगर कोई उन्हें कोई सुझाव दें तो उस पर भी वह कोई खास ध्यान नहीं देते हैं। यही कारण है कि उनकी इन आदतों की वजह से उनकी स्किन और बॉडी पूरी तरह बर्बाद हो रही है। अगर आप अपनी स्किन का अच्छे से ध्यान दें तो आप खुद में काफी बदलाव देखेंगे।

### ढेर सारा पानी पीना

इस बात को आपने न जानें कितनी बार सुना होगा। सेलेब्स भी अपनी हेल्दी स्किन का सीक्रेट इस टैनिक को ही बताते हैं। वास्तव में इस आदत को अपनी दिनचर्या में लागू करेंगे तो रिजल्ट देखकर आप हैरान रह जाएंगेष आप जितना अधिक पानी पिएंगे, उतना ही यह आपकी त्वचा से विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालने और उसे साफ करने में मदद मिलती है।



### सही फेस स्क्रब का उपयोग करें

जैसा कि हम सब जानते हैं कि हर एक शख्स की अलग-अलग स्किन होती है। ऐसे में सही फेश वॉश और स्क्रब का चुनाव करना बहुत जरूरी है।फेस स्क्रब का उपयोग करने से आपकी त्वचा साफ दिखेगी और उसमें चमक आएगी। पूरे चेहरे पर एलोवेरा जेल का उपयोग करने से आप निश्चित रूप से साफ चमकदार त्वचा पा सकते हैं।

### सनस्क्रीन का प्रयोग करें

भारत में कड़ी धूप होती है, इसलिए बाहर निकलते समय सनस्क्रीन का उपयोग करना बहुत जरूरी है। त्वचा को धूप से होने वाले नुकसान से सुरक्षित रखने के लिए अच्छे एसपीएफ वाले सनस्क्रीन का इस्तेमाल करें। लंबे समय तक धूप में रहने से बचें और यदि आप ऐसा करते भी हैं, तो सुनिश्चित करें कि आप हर कुछ घंटों के बाद सनस्क्रीन दोबारा लगाएं।

### अपनी त्वचा को दिन में कई बार मॉइस्चराइज करें

मॉइस्चराइजर का उपयोग निश्चित रूप से आपकी त्वचा को चमकदार और जवां बनाए रखने में मदद करेगा। दिन और रात में चेहरे को धोकर अच्छे से मॉइस्चराइजर को अप्लाई करें।

